दैनिक
# संध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 175/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, बुधवार 1 फरवरी 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in





# 7 लाख तक की इनकम टैक्स फ्री

बजट 2023-24

## 28 महीने तक तक गरीबों को मुफ्त अनाज

कोविड महामारी के दौरान हमने यह निश्चित किया कि कोई भूखा न सोए। हमने 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को 28 महीने तक मुफ्त राशन दिया। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है।

## जनजातीय समूहों के लिए पीएमपीबीजीटी विकास मिशन शुरू

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि विशेष रूप से जनजातीय समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए पीएमपीबीजीटी विकास मिशन शुरू किया जाएगा, ताकि पीबीटीजी बस्तियों को मूलभूत सुविधाएं दी जा सके। अगले 3 साल में योजना को लागू करने के लिए 15,000 करोड़ उपलब्ध कराए जाएंगे।

**नई दिल्ली।** आठ साल बाद आखिरकार इनकम टैक्स छूट की सीमा बढ़ी। वित्त मंत्री निर्मला सीतरमण ने संसद में बजट पेश करते हुए ऐलान किया कि नए टैक्स सिस्टम के तहत 7 लाख तक की आय पर अब कोई टैक्स नहीं लगेगा। पूंजी निवेश परिव्यय 33 प्रतिशत बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपये किया जा रहा है, जो कि सकल घरेलू उत्पाद का 3.3 प्रतिशत होगा। चालू वित्त वर्ष में 7प्रतिशत विकास दर का अनुमान, भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अमृत काल में सप्तऋषि की तरह हमारी सात प्राथमिकताएं हैं। सात प्राथमिकताओं में इंफ्रा, निवेश, ग्रीन ग्रोथ और कनेक्टिविटी शामिल है। यह अमृतकाल का बजट है। वैश्विक मंदी के बावजूद दुनिया ने भारत की आर्थिक स्थिति को सराहा है। हमारी अर्थव्यवस्था सही रास्ते पर है। भारत दुनिया की तेजी से बढती अर्थव्यवस्था है। दसवीं से पांचवी स्थान पर पहुंचा। 1 घंटा 27 मिनट की स्पीच में सीतारमण ने गरीबों के लिए बड़ा ऐलान किया। बोलीं गरीबों को मुफ्त अनाज की स्कीम एक साल और चलेगी। 50 नए एयरपोर्ट और हेलिपैड भी बनाए जाएंगे। युवाओं के लिए 30 इंटरनेशनल स्किल सेंटर्स बनेंगे। रेलवे के खर्च के लिए 2.40 लाख करोड़ दिए गए हैं। एमएसएमई को 9 हजार करोड़ की क्रेडिट गारंटी और ऊर्जा सुरक्षा के लिए 35 हजार करोड़ रुपए जैसे बड़े ऐलान किए।



### युवाओं के लिए बड़ा एलान

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि युवाओं को अंतरराष्ट्रीय अवसरों के लिए कुशल बनाने के लिए विभिन्न राज्यों में 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर स्थापित किए जाएंगे।

### प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 की शुरूआत

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 की शुरूआत की जाएगी। युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय अवसरों के लिए कौशल प्रदान करने के लिए 30 स्किल इंडिया नेशनल सेक्टर खोले जाएंगे

### पीएम आवास योजना के बजट में 66 प्रतिशत की वृद्धि

मोदी सरकार ने गरीबों की बल्ले-बल्ले करवा दी है। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का बजट 66 प्रतिशत बढ़ाकर 79 हजार करोड़ रुपये कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 2 लाख करोड़ रुपये केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। अंत्योदय योजना के तहत गरीबों के लिए मुफ्त खाद्यान्न की आपूर्ति को एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। वित्त मंत्री ने कहा, हमारा आर्थिक एजेंडा नागरिकों के लिए अवसरों को सुविधाजनक बनाने, विकास और रोज़गार सृजन को तेज़ गति प्रदान करने और व्यापक आर्थिक स्थिरता को मजबूत करने पर केंद्रित है।

### नया टैक्स स्लैब

| | |
|---|---|
| 0 से 3 लाख रुपये | - शून्य |
| 3 से 6 लाख रुपये | - 5 प्रतिशत |
| 6 से 9 लाख रुपये | - 10 प्रतिशत |
| 9 से 12 लाख रुपये | - 15 प्रतिशत |
| 12 से 15 लाख रुपये | - 20 प्रतिशत |
| 15 लाख से ऊपर | - 30 प्रतिशत |

### क्या-क्या हुआ महंगा



- चिमनी
- विदेशी इलेक्ट्रिक चिमनी
- कुछ मोबाइल फोन
- कैमरे के लैंस
- विदेश से आने वाली चांदी से बनी चीजें
- सिगरेट
- सोना, चांदी, प्लेटिनम

### क्या हुआ सस्ता



- खिलौने
- साइकिल
- ऑटोमोबाइल
- देसी मोबाइल
- इलेक्ट्रिक वाहन
- एलसीडी टीवी
- बायोगैस से जुड़ी चीजें

### तीन करोड़ रुपये के टर्नओवर वाले माइक्रो उद्योग को कर में छूट

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि तीन करोड़ रुपये के टर्नओवर वाले माइक्रो उद्योग को कर में छूट दी जाएगी।

### सिगरेट महंगी होगी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सिगरेट पर आकस्मिकता शुल्क को 16 फीयदी बढ़ाया जाएगा। इसका मतलब यह हुआ कि सिगरेट महंगी हो जाएगी।

### मोबाइल और टीवी के दाम सस्ते होंगे

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मोबाइल और टीवी के दाम सस्ते होंगे।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए ऐलान

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक खाता स्कीम की सीमा 4.5 लाख से 9 लाख की जाएगी।

### व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए पैन को लेकर नया ऐलान

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि आवश्यक व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए स्थायी खाता संख्या रखने के लिए पैन का उपयोग निर्दिष्ट सरकारी एजेंसियों के सभी डिजिटल सिस्टम के लिए एक सामान्य पहचानकर्ता के रूप में किया जाएगा।


### ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में 35 हजार करोड़ रुपए का निवेश

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में 35 हजार करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 20,700 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा।









### भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए तीन उत्कृष्ट संस्थानों की स्थापना

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए तीन उत्कृष्ट संस्थानों की स्थापना की जाएगी। ये तीन अलग-अलग प्रमुख संस्थानों में स्थापित होंगे। कृषि, स्वास्थ्य और शहरी विकास के लिए यहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर काम होगा।

## आर्थिक एजेंडा

हमारा आर्थिक एजेंडा नागरिकों के लिए अवसरों को सुविधाजनक बनाने, विकास और रोज़गार सृजन को तेज़ गति प्रदान करने और व्यापक आर्थिक स्थिरता को मज़बूत करने पर केंद्रित है। हमारा आर्थिक एजेंडा नागरिकों के लिए अवसरों को सुविधाजनक बनाने, विकास और रोज़गार सृजन को तेज़ गति प्रदान करने और व्यापक आर्थिक स्थिरता को मज़बूत करने पर केंद्रित है। कृषि से जुड़े स्टार्ट अप को प्राथमिकता दी जाएगी। युवा उद्यमियों द्वारा कृषि-स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि त्वरक कोष की स्थापना की जाएगी।

### प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हुई

2014 से ही सरकार की कोशिश लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाना और क्वालिटी देना रहा है। प्रतिव्यक्ति आय 1.97 लाख यानी दोगुने से ज्यादा हो गई है। दुनिया भारत को चमकदार सितारे की तरह देख रही है। ग्लोबल स्लोडाउन के चलते हमारी विकास दर 7त्न रही है। बाकी देशों की तुलना में सबसे मजबूत है।

### डिजिटल पुस्तकालय, टीचरों की भर्ती

बच्चों और किशोरों के लिए राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय स्थापित किया जाएगा। अगले 3 साल में 740 एकलव्य स्कूलों के लिए 38 हजार 800 टीचर्स और सपोर्ट स्टाफ नियुक्त किए जाएंगे। इसके तहत 3.5 लाख आदिवासी छात्रों को फायदा मिलेगा। 2014 से मौजूद 157 मेडिकल कॉलेजों के साथ 157 नए नर्सिंग कॉलेज खोले जाएंगे।

### कृषि क्षेत्र के लिए घोषणाएं

1. **20 लाख क्रेडिट कार्ड** – केंद्र सरकार ने किसानों की सहूलियत के लिए ऋष्ठा का दायरा बढ़ा दिया है। इस साल 20 लाख करोड़ तक किसानों को क्रेडिट कार्ड के जरिए ऋष्ठा बांटने का लक्ष्य रखा गया है। इससे लाखों किसानों को फायदा होगा।
2. **किसान डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर**– किसानों के लिए अब किसान डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर प्लेटफॉर्म तैयार किया जाएगा। यहां किसानों के लिए उनकी जरूरत से जुड़ी सारी जानकारी उपलब्ध होगी।
3. **एग्री स्टार्टअप को बढ़ावा** – केंद्र सरकार ने कृषि के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा स्टार्टअप शुरू करवाने पर फोकस किया है। कृषि स्टार्टअप के लिए डिजिटल एक्सीलेटर फंड बनेगा जिसे कृषि निधि का नाम दिया गया है। इसके जरिए कृषि के क्षेत्र में स्टार्टअप शुरू करने वालों को सरकार की तरफ से मदद दी जाएगी।
4. **मोटे अनाज को बढ़ावा** – सरकार ने इस बार मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए अलग से योजना की शुरुआत की है। इसे श्री अन्न योजना नाम दिया गया है। इसके जरिए देशभर में मोटे अनाज के उत्पादन और उसकी खपत को बढ़ावा दिया जाएगा।



5. **बागवानी के लिए क्या?** – सरकार ने इस बार बजट में बागवानी की उपज के लिए 2,200 करोड़ की राशि आवंटित की है। इसके जरिए बागवानी को बढ़ावा देने का फैसला लिया गया है।
6. **मछली पालन को भी मिलेगा बढ़ावा** – केंद्र सरकार ने मत्स्य संपदा की नई उपयोजना में 6000 करोड़ के निवेश का फैसला लिया है। इसके जरिए मछुआरों को बीमा कवर, वित्तीय सहायता और किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी प्रदान की जाती है। इसका उद्देश्य ग्रामीण संसाधनों का उपयोग करके ग्रामीण विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को तेज़ी से बढ़ावा देना है।



- विस्तृत समाचार पेज 8 देखें

## बजट प्रतिक्रियाएं-

### अमृतकाल का बजट , आम आदमी से लेकर किसानों तक का ध्यान रखा: शिवराज



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट पर उन्हें बधाई दी है और कहा है कि यह बजट निश्चित तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सफल कदम होगा। उन्होंने कहा कि अमृतकाल के बजट में कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये करने से किसानों को अत्यंत आवश्यक वित्त उपलब्ध होगा और खाद्यान्न उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। फार्म इनपुट मार्केट इंटेलिजेंस और एग्रीटेक स्टार्टअप्स के लिए समर्थन एक लाभदायक कृषि पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करेगा। उन्होंने कहा कि आयकर की सीमा पांच लाख से सात लाख करने से आम आदमी को राहत मिलेगी। यह आम आदमी और किसान का बजट है।

### अमृतकाल का बजट , चारों ओर अमृत वर्षा: प्रहलाद सिंह पटेल



केंद्रीय जलशक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा है कि यह अमृत काल का बजट है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चारों ओर अमृत की वर्षा हो रही है। बजट में किसानों से लेकर हर वर्ग के लिए अमृत दिया गया है। छोटे और मझोले उद्योगों के लिए ऋण की सीमा बढ़ाई गई है। पीएम आवास का दायरा बढ़ाकर आवासहीन लोगों की उम्मीदों को और पंख लग गए हैं। मुफ्त राशन की अभी और आवश्यकता महसूस की जा रही थी, इसलिए इसे 28 माह के लिए बढ़ाया गया है। तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद आयकर छूट की सीमा बढ़ाना वित्त मंत्री का साहसिक कदम है, इससे मध्यम वर्ग को विशेष राहत मिलेगी। सही मायने में यह आम आदमी का बजट है।

### बजट पुराने वादों पर जुमलों का पर्दा डालने का प्रयास: कमलनाथ



वित्त मंत्री का बजट भाषण सरकार के पुराने वादों पर जुमलों का पर्दा डालने का प्रयास नजर आया। हमें आशा थी कि वित्त मंत्री उन घोषणाओं पर प्रकाश डालेंगी जो 2022 में पूरी होनी थी। 2022 में किसानों की आमदनी दुगनी होनी थी। 2022 में हर गरीब को आवास उपलब्ध होना था। 2022 में देश में बुलेट ट्रेन चलनी थी। लेकिन वित्त मंत्री ने इन घोषणाओं के पूरे ना होने की ना तो कोई वजह बताई और ना ही देश की जनता से माफी मांगी। स्पष्ट है कि सरकार भविष्य के खोखले सपने दिखाकर वर्तमान की जटिल परिस्थितियों से लोगों का ध्यान भटकाना चाहती है। यह प्रवृत्ति देश और अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी नहीं है।

### यह किसानों से लेकर हर वर्ग का बजट है: सिलावट



मप्र के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने कहा है कि आज जो बजट पेश किया गया, उसमें किसानों से लेकर हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। आयकर की सीमा बढ़ाकर आम आदमी को राहत दी गई है। किसानों के लिए तो यह ऐतिहासिक बजट है। महिलाओं और अजा, जजा के लिए विशेष पैकेज हैं। युवाओं को रोजगार की व्यवस्था की गई है। पीएम आवास की सीमा बढ़ा दी गई है, वहीं मुफ्त राशन की अवधि में वृद्धि करके ऐतिहासिक कार्य किया गया है।

### आम आदमी का बजट: राजपूत



प्रदेश के परिवहन एवं राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने प्रधानमंत्री श्री मोदी तथा वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण बधाई देते हुए एवं उनका आभार मानते हुए कहा है कि यह आम आदमी का बजट है। यह किसानों का बजट है। युवाओं और महिलाओं का बजट है। गरीबों का बजट है। आयकर की सीमा बढ़ाने से मध्यम वर्ग को बहुत बड़ी राहत दी गई है। किसानों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। उनके ऋण की सीमा बढ़ाई गई है। हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ दिया गया है।

### विकास को गति मिलेगी: गोपाल भार्गव



लोकनिर्माण मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा कि यह बजट नागरिकों के लिए अवसरों को सुविधाजनक बनाने, विकास और रोजगार सृजन को तेज़ गति प्रदान करने और व्यापक आर्थिक स्थिरता को मज़बूत करने पर केंद्रित है। इससे जनता को राहत मिलेगी।

# मप्र पुलिस ने देशभक्ति जनसेवा के मूल मंत्र को साकार किया: चौहान

## कलेक्टर्स, कमिश्नर्स, पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस महानिरीक्षक कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया मुख्यमंत्री ने

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रालय में कलेक्टर्स, कमिश्नर्स, पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस महानिरीक्षक कॉन्फ्रेंस राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम् के गायन के साथ प्रारंभ हुई। श्री चौहान ने कान्फ्रेंस में कहा कि कोविड-19 के कठिन काल में पुलिस ने देशभक्ति जनसेवा के मूल मंत्र को साकार किया। लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति में मध्य प्रदेश शांति का टापू है।

श्री चौहान ने कहा कि डकैतों को नेस्तनाबूद करने और नक्सलियों के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा। जुआ, सट्टा, अवैध शराब , स्वास्थ्य के लिए घातक अन्य नशा करना और ड्रग्स का उपयोग समाज के दुश्मन की तरह हैं। इनके विरुद्ध कार्यवाही जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में धर्मांतरण के प्रयत्नों को विफल करना है। कमजोर वर्गों को सुरक्षा प्रदान करना और उन पर अत्याचार की प्रवृत्ति को हतोत्साहित करना जरूरी।



### सायबर अपराध उभरती एक नई चुनौती

सीएम ने कहा सायबर अपराध उभरती एक नई चुनौती है। इसके लिए हम हर संभावित प्रयास करें और इस पर नियंत्रण के लिए नए तरीके अपनाएं। सूदखोरी के कारण हो रहे शोषण को रोकना जरूरी। सीएम ने कहा कि पुलिस अधिकारी बीट व्यवस्था को सुदृढ़ करें। देश विरोधी संगठनों की गतिविधियों और उनके संपर्कों पर नजर रखना जरूरी है अतः इंटेलिजेंस को सुदृढ़ करना आवश्यक। सोशल मीडिया पर नजर रखें। यह तनाव का कारण न बने। सीएम ने नक्सल संबंधी बिंदुओं पर चर्चा में कहा कि पेसा के प्रावधानों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। हॉस्टल से बेहतर व्यवस्था ऑफ संपर्क रखें। युवाओं को कौशल उन्नयन का प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर बढ़ाए। क्षेत्र में कनेक्टिविटी बढ़ाएं। संवाद की निरंतरता जारी रहे।

## अखिल भारतीय ओबीसी महासभा ने की पदाधिकारियों की नियुक्त




**भोपाल।** अखिल भारतीय ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओबीसी ललित कुमार की सहमति से एवं प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट इंदु कुमार की अनुशंसा पर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एडवोकेट तुलसीराम पटेल के द्वारा ओबीसी सीताराम कौरव खुर्द जिला भिन्ड प्रदेश सचिव मध्य प्रदेश, ओबीसी देवेन्द्र पटेल हीरापुरा जिलाध्यक्ष जिला भिंड मध्य प्रदेश, ओबीसी राजेन्द्र सिंह राजपूत वर्मा सालोनवीजिलाध्यक्ष जिला दतिया मध्य प्रदेश को नियुक्त किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को अखिल भारतीय ओबीसी महासभा ओबीसी एससी एसटी संयुक्त मोर्चा के परिवार की तरफ से बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं!

## लोक निर्माण विभाग से सेवानिवृत्ति पर ममता बाथम को दी विदाई



**भोपाल।** लोक निर्माण विभाग में कार्यरत ममता बाथम असिस्टेंट ग्रेड वन आज सेवा के 34 वर्ष पूर्ण कर सेवानिवृत्त इस अवसर पर सहयोगी कर्मचारियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी ममता बाथम ने उनकी सेवा काल के दौरान दिए सहयोग सहयोग के लिए सभी के प्रति अपना आभार व्यक्त किया इस अवसर पर अधीक्षण यंत्री अशोक शर्मा ने ममता बाथम की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका कार्यकाल दूसरों के लिए प्रेरणादाई है पूरा सेवाकाल निर्विवाद रहा।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल द्वितीय पुरस्कार विजेता रिया जैन ने जीता

**भोपाल ।** विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार और विजनाना भारती द्वारा इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल ढ्ढढ्डस्न्र - 2022 के अंतर्गत स्टूडेंट इनोवेशन फेस्टिवल का अयोजन किया गया। ऑर्गनाइजिंग कमिटी ने पोर्टल पर प्राप्त 3000 एप्लीकेशन में से टॉप 100 इनोवेशन सिलेक्ट किए। टॉप 100 इनोवेशन को 22,23 जनवरी को मैनिट, भोपाल में अपना इनोवेशन एक्जीबिट करने के लिए इनवाइट किया गया। रिया जैन ने अपना इनोवेशन, मल्टीपरपज अंब्रेला डिस्प्ले किया और राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय पुरस्कार जीता। रिया के मल्टीपरपज अमरेला में कई सारे फंक्शंस है। गर्मियों में हम कभी-कभी धूप से बचने के लिए छाते का यूज़ करते हैं, लेकिन रिया के इस मल्टीपरपज अमरेला में पंखा और वाटर स्प्रिकलर लगा है जो हमें ठंडी हवा देगा और अगर हमारे मोबाइल की बैटरी खत्म हो जाए, तो इस अम्ब्रेला से हम अपना मोबाइल चार्ज भी कर सकते है। रिया ने इसमें फोल्डेबल फैन लगाया है, इसलिए छाता आसानी से बंद हो जाता है। साथ ही बारिश के मौसम में कभी कभी, स्ट्रीट लाइट खराब हो जाती हैं तो, गाड़ी चलाने वाले को रोड पर चल रहे आदमी नजर नहीं आते और इस से एक्सीडेंट भी हो सकता हैं, इस घटना को प्रिवेंट करने के लिए रिया ने छाते के ऊपर रेड सिगनल लाइट और रिफ्लेक्टिव स्ट्रिप लगाई है, जिसे हम अपनी सुविधा के हिसाब से खोल सकते हैं अब ब्लिंक भी करा सकते हैं । वही रिया ने इसमें टॉर्च और लाइट भी लगाई है जिससे रात में सड़क पर चलने में किसी भी तरह की परेशानी ना हो। महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रिया ने इसमें अलार्म भी लगाया है और स्प्रिंकलर बॉटल में पेपर स्प्रे भरने का सोचा है, जिसे महिला खतरे के दौरान, अपनी सुरक्षा के लिए यूज कर सकती है। धूप में छाती की बैटरी सौर ऊर्जा से चार्ज होगी और हम इससे एडाप्टर से भी चार्ज कर सकते हैं। रिया ने इस छाते को स्टॉल अमरेला की तरह बनाने का भी सोचा है जो कि गर्मी में स्टाल के नीचे बैठने वाले के लिए काफी यूजफुल रहेगा। इस छाते को तैयार करने में 500 रुपए ही लगे है।

# महापौर ने फोन लगाकर शिकायतकर्ताओं से ली जानकारी

### महापौर हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों एवं उनके निराकरण की समीक्षा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

महापौर मालती राय ने महापौर हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों एवं उनके निराकरण संबंधी कार्यवाही की समीक्षा की और लंबित शिकायतों को तत्काल निराकृत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर दिये। महापौर ने शिकायतकर्ताओं से दूरभाष पर चर्चा कर फीडबेक लिया। समीक्षा के दौरान महापौर परिषद के सदस्य आर.के.सिंह बघेल, जोन क्र. 14 के अध्यक्ष नीरज सिंह व निगम के अधिकारी मौजूद थे।

महापौर मालती राय द्वारा नागरिकों की समस्याओं विशेषकर महिलाओं की शिकायतों/समस्याओं के निराकरण के दृष्टिगत प्रारंभ की गई ''महापौर हेल्पलाइन'' की महापौर श्रीमती राय ने मंगलवार को स्मार्ट सिटी स्थित कंट्रोल रूम में समीक्षा की। समीक्षा के दौरान महापौर श्रीमती राय ने गत समीक्षा से वर्तमान तक प्राप्त शिकायतों एवं उनके निराकरण की कार्यवाही के संबंध में




जानकारी प्राप्त की और कम्प्यूटर पर शिकायतों एवं उनके निराकरण के इंद्राज का अवलोकन भी किया। महापौर श्रीमती राय ने अनेक शिकायतकर्ताओं से दूरभाष पर शिकायतों, समस्याओं के निराकरण के संबंध में फीडबैक लिया साथ ही जिन शिकायतों के निराकरण की कार्यवाही लंबित है के तत्काल निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर दिए। शिकायतकर्ताओं ने चर्चा के दौरान महापौर श्रीमती राय को अवगत कराया कि उनकी शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण एवं त्वरित निराकरण किया गया है। शिकायतकर्ताओं ने ''महापौर हेल्पलाइन'' के माध्यम से शिकायतों के निराकरण की पहल पर महापौर श्रीमती राय के प्रति आभार भी व्यक्त किया। समीक्षा के दौरान महापौर श्रीमती राय को अवगत कराया गया कि ''महापौर हेल्पलाइन'' पर 499 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 491 शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण एवं त्वरित गति से निराकरण कर दिया गया है शेष शिकायतों के निराकरण हेतु कार्यवाही की जा रही है।

## महापौर ने जनसुविधा केन्द्रों, पार्कों और खेल मैदानों का किया निरीक्षण

महापौर द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के अंतर्गत सिटी प्रोफाइल व सस्टेनेबल सिटी पैरामीटर्स का निरीक्षण निरंतर किया जा रहा है। इसी तारतम्य में महापौर ने मंगलवार को जोन क्र. 14 एवं 15 के विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई सहित सुलभ जनसुविधा केन्द्रों, पार्कों, कम्पोस्ट पिट, बाजार क्षेत्रों व खेल मैदानों का निरीक्षण किया और साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराने और सफाई कार्य की निरंतर मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए साथ ही रहवासी संघों के प्रतिनिधियों व व्यवसायियों से भी चर्चा की और अपने शहर को स्वच्छता में देश में नंबर 01 शहर बनाने व पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने व कपड़े के थैले का उपयोग करने के निर्देश दिए। महापौर मालती राय ने मंगलवार को प्रातः स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के तहत सिटी प्रोफाइल एवं सस्टेनेबल सिटी पैरामीटर्स का जोन क्र. 14 के अंतर्गत वार्ड क्र. 56 स्थित विजय मार्केट नाले का निरीक्षण किया और दीवारों की पुताई कराने के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती राय ने पंचवटी मार्केट और फाउंटेन का भी निरीक्षण किया और बाजार क्षेत्र की और अधिक बेहतर ढंग से साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती राय ने साकेत नगर रहवासी कल्याण समिति द्वारा गीले कचरे से बनाई जा रही जैविक खाद के कम्पोस्ट पिट का अवलोकन किया एवं कम्पोस्ट बनाने की प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। महापौर श्रीमती राय ने शक्ति नगर मार्केट, शक्ति बाल उद्यान व कृष्णा वाटिका का भी निरीक्षण किया और यहां की साफ-सफाई व्यवस्था पर संतोष भी व्यक्त किया। महापौर श्रीमती राय ने स्मार्ट सिटी कार्यालय के समीप नाले पर स्थापित मेकेनिकल क्लीनिंग मशीन का अवलोकन किया और इसकी कार्यपद्धति के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की।

## आईआईटी रुड़की के शोधकर्ता प्लास्टिक और ई-वेस्ट निपटान की स्थायी तकनीक विकसित कर रहे हैं

रुड़की, एजेंसी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की (आईआईटी रुड़की) के शोधकर्ता प्लास्टिक और ई-वेस्ट निपटान की स्थायी तकनीकों का विकास कर रहे हैं। प्लास्टिक वेस्ट और इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट (ई- वेस्ट) का अंबार लगना चिंता की बात है। इससे पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है और जीवों पर इसका खतरनाक प्रभाव पड़ता है।आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. के.के. पंत (पहले आईआईटी दिल्ली में कार्यरत) मार्गदर्शन में एक शोध समूह प्लास्टिक कचरे और ई-वेस्ट के लगातार बढ़ते खतरे से निपटने के लिए सस्टेनेबल टेक्नोलॉज़ी का विकास कर रहा है। साथ ही, जीरो-वेस्ट डिस्चार्ज की परिकल्पना के माध्यम से आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर रहा है।शोधकर्ताओं ने जीरो-वेस्ट की परिकल्पना करते हुए भारतीय 'स्मार्ट सिटीज' और 'स्वच्छ भारत अभियान' जैसे अहम् प्रयासों को ध्यान में रखते हुए ई-वेस्ट रीसाइक्लिंग प्रक्रियाएं विकसित की है। उन्होंने जो प्रक्रियाएं लागू की है उन्हें दो चरणों में विभाजित किया गया है-

I. ई-वेस्ट का पायरोलिसिस और धातु अंश अलग करना और

II. धातु की अलग से रिकवरी।

क्लोज्ड-लूप रीसाइक्लिंग की प्रस्तावित प्रक्रिया व्यापक स्तर पर लागू करने योग्य है और एसिड-लीचिंग की प्रचलित पर काफी खतरनाक तकनीकों के बजाय पर्यावरण के लिए सुरक्षित विकल्प के रूप में इसका उपयोग किया जा सकता है।इस तरह के अनुसंधान की अहमियत बताते हुए प्रो. के के पंत ने कहा, भारत में प्लास्टिक और ई-वेस्ट का अंबार लग रहा है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग बढ़ने से इसकी मात्रा बहुत तेजी से बढ़ रही है। इसलिए प्लास्टिक और ई-वेस्ट निपटान की सस्टेनेबल प्रक्रियाओं का विकास करना बहुत ज़रूरी है। इस तरह की प्रक्रियाएं जल्द से जल्द विकसित नहीं किए जाने और साथ ही, पूरे देश में लागू नहीं किए जाने पर ई- वेस्ट लंबी अवधि के लिए हमारी पारिस्थितिक और पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाएगा।' प्रोफेसर के के पंत ने यह भी कहा, ''आईआईटी रुड़की के शोधकर्ताओं ने क्लोज्ड-लूप रीसाइक्लिंग की जिस प्रक्रिया का प्रस्ताव दिया है उसे व्यापक स्तर पर लागू किया जा सकता है और यह एसिड-लीचिंग की प्रचलित पर काफी खतरनाक तकनीकों के बजाय पर्यावरण के लिए सुरक्षित विकल्प के रूप में उपयोगी है।' वर्तमान समय में पेट्रोकेमिकल उर्वरक और रासायनिक प्रसंस्करण उद्योगों में भारी मात्रा में हाइड्रोजन गैस का उपयोग किया जाता है। इससे हाइड्रोजन का कारोबार बढ़ रहा है। यह ऑटोमोबाइल उद्योग का भावी ईंधन होने जा रहा है जिसके चलते हाइड्रोजन की आवश्यकता और बढ़ेगी।

### नीलबड़, कलखेड़ा परियोजना स्थल से अवैध कब्जे तत्काल हटाएं: निगमायुक्त

भोपाल। निगम आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत बाग मुगालिया में निर्माणाधीन एल.आई.जी एवं एम.आई.जी आवासों का निरीक्षण किया और नाला निर्माण, सेप्टिक टैंक निर्माण सहित पूर्ण हो चुके ब्लॉकों में विद्युत फिटिंग, खिड़की आदि लगाने के साथ ही फिनिशिंग का कार्य शीघ्रता से करने के निर्देश दिए जिससे आवंटियों को आधिपत्य सौंपने की कार्यवाही की जा सके। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने माता मंदिर स्थित राहुल नगर फेस-2 परियोजना स्थल का निरीक्षण किया और खुदाई कार्य में तेजी लाकर बरसात से पहले कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त के.वी.एस. चौधरी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बाग मुगालिया में निर्माणाधीन एल.आई.जी एवं एम.आई.जी आवासों का निरीक्षण किया और नाला निर्माण, बाउंड्रीवाल, आवासों की सीवर लाईन सेप्टिक टैंक से जोड़ने, पानी की लाईन जोड़ने आदि के संबंध में अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की और पूर्ण हो चुके 03 ब्लॉकों में विद्युत फिटिंग, खिड़की आदि लगाने के साथ ही फिनिशिंग का कार्य शीघ्रता से करने के निर्देश दिए जिससे आवंटियों को आधिपत्य सौंपने की कार्यवाही की जा सके। निगम आयुक्त चौधरी ने परियोजना स्थल पर ट्रांसफार्मर स्थापित करने के साथ ही विद्युत पोल शीघ्रता से लगाने के निर्देश दिए।

### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा की शुरुआत

# डीजे और ढोल के साथ निकली कलश यात्रा, झूमे भक्त



**संत हिरदाराम नगर।** खामलाखेड़ी में सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ हो गया। कथा से पूर्व श्री शिव मंदिर खजूरी थाने के सामने से खामलाखेड़ी कथा स्थल तक डीजे, ढोल के साथ कलश यात्रा निकाली गई।

जिसमें गांव भक्तों ने जमकर नृत्य किया कलश यात्रा का गांव के मुख्य चौराहों पर स्वागत किया गया। कलश यात्रा में जहां आगे आगे युवा नृत्य करते हुए चल रहे थें वंही पीछे पीछे महिलाएं सिर पर कलश धारण कर चल रहीं थी जिनपर ग्रामीणों द्वारा पुष्प वर्षा की जा रही थी। श्रीमद भागवत कथा का रसास्वादन उत्तरप्रदेश के फिरोजाबाद से आई हुई कथा वाचक सु श्री रेखा शास्त्री द्वारा किया जाएगा। कथा का समय दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक का रखा गया है जो कि 31 जनवरी से 6 फरवरी तक चलेगी। इस कलश यात्रा में बड़ी संख्या में आस पास से आये ग्रामीणों के साथ ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद समारोह आयोजित

**भोपाल।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल ग्रीन पार्क में आयोजित वार्षिक खेलकूद समारोह संपन्न हुआ। 30 जनवरी को कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के विद्यार्थियों के लिए एवं 31 जनवरी को कक्षा 3 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने पूरे जोश के साथ विभिन्न खेल स्पर्धाओं में भाग लिया। मुख्य अतिथि सत्यजीत व्यास प्रांतीय युवा विकास अधिकारी मोरबी एवं प्रधानाचार्य दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल ने विजेताओं को गोल्ड सिल्वर एवं ब्रोंज मेडल देकर सम्मानित किया। स्कूल के खेलकूद विभाग के अध्यक्ष श्री अली खान के नेतृत्व में 2 दिनों में छात्र-छात्राओं ने 42 प्रतियोगिताओं में 500 से ज्यादा मैडल अर्जित किए जिसमें मुख्य रुप से ट्रैक और फील्ड इवेंट में गए । इस साल सबसे ज्यादा मेडल लेने वालों की फेहरिस्त में कक्षा नौ से कृष्णा चौरसिया को सात मेडल कक्षा 4 से अनीश यादव को 6 मेडल कक्षा दो से विराज केसवानी को छह मेडल कक्षा चार से प्रसीत शेट्टी को पांच मेडल कक्षा 11 से मयंक को पांच मैडल एवं अन्य अनेक छात्र छात्राओं ने अपने-अपने वर्ग में मेडल अर्जित किए इससे पहले मशाल जलाते हुए प्रधानाचार्य मिलिंद कलुस्कर ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से एवं सद्भाव से खेलने का मंत्र दिया। अंत में खेलकूद विभाग अध्यक्ष अली खान ने आए हुए सभी मेहमानों अभिभावकगण एवं गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद किया और अलग-अलग प्रतियोगिताओं में विजेता सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी।




## छात्राओं के लिए मेट्रिक स्पेस विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन

**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा मेट्रिक स्पेस विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं को विषय आधारित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना था। इसमें विषय विशेषज्ञ डॉ. वरूण सिंह, अतिथि विद्वान, शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय, भोपाल उपस्थित थे। विषय विशेषज्ञ डॉ. वरूण सिंह ने छात्राओं को मेट्रिक स्पेस के बारे में बताते हुए नेबरहुड्, बाऊंडेड मेट्रिक स्पेस, लिमिट पाइंट, इंटीरियर, एक्सटीरियर पाइंट, क्लोज्ड और ओपन सेट को सविस्तार प्रभावी ढंग से बताया।



## सुर शंकरा म्यूज़िकल ग्रुप की भोपाल उत्सव मेले में आकर्षक प्रस्तुति

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

सुर शंकरा म्यूज़िकल ग्रुप की 110वीं प्रस्तुति भोपाल उत्सव मेला समिति के विशाल मंच में 31 जनवरी को सिंगर बेबी फाल्गुनी पुरोहित, आयशा खान एवं रीता बोथे द्वारा गाये सत्यम शिवम सुन्दरम गीत से प्रारम्भ होकर सुरेश गर्ग एवं आयशा खान द्वारा गाये परदेसी परदेसी जाना नहीं समापन गीत के साथ सम्पन्न हुई। ग्रुप के कार्य अध्यक्ष/ मैनेजर/ सिंगर इंजी. प्रतीक गर्ग एवं प्रेरणास्रोत/सिंगर निहारिका गर्ग ने बताया कि इस ग्रुप द्वारा किसी भी सिंगर को मंच उपलब्ध कराने के लिए किसी भी रूप में आज दिनांक तक किसी भी प्रकार की राशि एकत्रित नहीं की गई और इस ग्रुप का उद्देश्य कभी भी आर्थिक लाभ प्राप्त करना नहीं रहा है बल्कि संगीत के माध्यम से अवसाद से दूर रहना एवं आपस में सौहार्द्र का स्वच्छ वातावरण निर्मित करना रहा है।

ग्रुप की सिंगर बेबी अलीज़ा खान ने बाबूजी धीरे चलना, बेबी फाल्गुनी पुरोहित एवं सुरेश गर्ग ने टायटल गीत आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे, रिषी गर्ग ने जीना यहाँ मरना यहाँ, निहारिका गर्ग ने पल पल हर पल, रीता बोथे एवं कप्तान/एंकर बी.एल. रायकवार ने कहीं ना जा आज कहीं, कुशिका ठाकुर ने कांटों से खींच के ये आंचल, डॉ. तोशिका बिसोने ने किस लिये मैंने प्यार किया, इंजी. प्रतीक गर्ग ने तेरे मस्त मस्त दो नैन, अरविन्द दयाल शर्मा ने डाकिया डाक लाया, मनोज शर्मा ने जीवन के दिन छोटे सही सहित एक दर्जन से अधिक गाने गाकर खूब तालियां बटोरी एवं भोपाल उत्सव मेला समिति ने ग्रुप को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किये जाने के उपरान्त भजन लेखक/गायक एवं ग्रुप अध्यक्ष सुरेश गर्ग ने समस्त सिंगर्स को अपने पास खड़ा कर सम्भागीय अध्यक्ष/सिंगर आयशा खान के साथ समापन गीत परदेसी परदेसी जाना नहीं मुझे छोड़कर गाकर माहौल को खुशनुमा कर भोपाल उत्सव मेला समिति के समस्त पदाधिकारीगण एवं व्यापारियों सहित उपस्थित श्रोताओं का आभार व्यक्त किया।




# प्रदर्शन कर अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर सचिन अतुलकर के नाम सौंपा ज्ञापन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं भोपाल जिला प्रभारी बालिस्ता रावत के नेतृत्व में प्रदर्शन कर, अधिवक्ता केपी पाठक, किसान मोर्चा मंडल मंत्री कैलाश सोनी, बबलू नायडू ने आरोपियों पर एफआईआर दर्ज की मांग को लेकर अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर सचिन अतुलकर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। बालिस्ता रावत ने बताया कि, थाना छोला मंदिर टीआई महेंद्र सिंह चौहान की मनमानी के कारण अपराधियों पर आज तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। 18 दिसंबर 2022 की रात्रि आरोपियों के द्वारा रास्ता रोककर गाली गलौज मारपीट छीना झपटी करने बालों पर थाना छोला मंदिर पुलिस के द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं की गई। 19 दिसंबर 2022 को आरोपियों पर एफआईआर दर्ज की मांग को लेकर थाना छोलामन्दिर प्रभारी के नाम ज्ञापन दिया गया था। 24 दिसंबर 2022 को एफआईआर दर्ज की मांग को लेकर निशातपुरा सहायक पुलिस आयुक्त ऋचा जैन के नाम ज्ञापन दिया गया था। निशातपुरा सहायक पुलिस आयुक्त के द्वारा टीआई महेंद्र सिंह चौहान को आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज के निर्देश दिये गये थे, उसके उपरांत भी टीआई साहब ने एफआईआर दर्ज नही की । टीआई साहब ने आवेदक को आश्वासन दिया था कि, 31-दिसंबर से पूर्व आरोपियों के खिलाफ धारा 107, 116 की कार्रवाई की जाएगी तथा 1-जनवरी 2023 को एफआईआर दर्ज की जायेगी, किंतु एफआईआर दर्ज नहीं की गई। 9 जनवरी 2023 को आरोपियों के खिलाफ स्नह्वक्र दर्ज की मांग को लेकर जोन-4 पुलिस उपायुक्त विजय खत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया था । अभी तक एफआईआर दर्ज नही होने के कारण 31 जनवरी 2023 को आरोपियों पर स्नह्वक्र दर्ज एवं दोषी पुलिस वालों पर कार्यवाही की मांग को लेकर अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर सचिन अतुलकर के नाम ज्ञापन सौंपा गया।



# सोशल मीडिया से देश देखता है कलेक्टर की परफार्मेन्स

**कलेक्टर-कमिश्नर्स कान्फ्रेंस**

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कलेक्टर्स-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे समन्वित प्रयास से ही प्रगति, विकास और जन-कल्याण के परिणाम आएंगे। यह हमारा और आपका भाग्य है कि हमें ऐसा महत्वपूर्ण दायित्व मिला, जिससे हम जनता की जिन्दगी बदल सकते हैं। हमें बिना एक क्षण गवाये प्रदेशवासियों की बेहतरी के लिए कार्य करना है। हममें से प्रत्येक को अपना सर्वश्रेष्ठ देने की भावना, तड़प और वेदना के साथ अपनी समस्त ऊर्जा, क्षमता और विचार शीलता के साथ प्रदेश के विकास और जन-कल्याण के लिए निरंतर सक्रिय रहना है। मुख्यमंत्री चौहान लगभग तीन साल के बाद प्रत्यक्ष रूप से हुई कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन-सत्र को संबोधित कर रहे थे। मंत्रालय में हुई कॉन्फ्रेंस में मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस सहित प्रमुख विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, समस्त कमिश्नर और कलेक्टर उपस्थित थे। कान्फ्रेंस में विकास यात्रा, पेसा नियम 2022, मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, नगरीय क्षेत्रों में अनाधिकृत कॉलोनियों के विकास, जल जीवन मिशन, सीएम राइज स्कूल, शिशु एवं मातृ मृत्यु दर कम करने के लिए जारी प्रयासों, आयुष्मान भारत निरामय मध्यप्रदेश, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना, दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग तथा उपकरण वितरण और संबल-2 योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। कॉन्फ्रेंस में लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग द्वारा प्रस्तुतिकरण भी दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि जिलों में काम कर रहे अधिकारियों के प्रयासों से ही विकास और जन-कल्याण के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। इन्दौर कलेक्टर ने जनसुनवाई, सीहोर कलेक्टर ने शिक्षिकों के सहयोग से स्मार्ट क्लास आरंभ करने और डिण्डौरी कलेक्टर ने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता और उनके त्वरित निराकरण में सराहनीय कार्य किया है। प्रदेश के अन्य जिलों में भी कलेक्टर अपने स्तर पर नवाचार कर रहे हैं। अधिकारी अपने कैरियर में सामान्यत॰ 6 से 8 साल की अवधि तक जिला कलेक्टर के रूप में कार्य करते हैं। इस अवधि में पूरा परिश्रम, उत्साह, बाधाओं का सामना करने की क्षमता और विजन के साथ मिशन मोड में इस प्रकार काम करें कि यह अवधि जीवनभर आपको संतोष दे और आपका कार्यकाल सकारात्मक रूप से याद किया जाए।

**आप जैसा कार्य करेंगे, शासन की छवि वैसी ही निर्मित होगी:** मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। प्रदेश की विकास दर, पर कैपिटा इनकम और जीएसडीपी में प्रदेश का योगदान निरंतर बढ़ा है। देश-दुनिया में प्रदेश की सकारात्मक छवि निर्मित हुई है। जिला और संभागों में कलेक्टर-कमिश्नर ही शासन के प्रतिनिधि हैं। आप जैसा कार्य करेंगे, शासन की छवि वैसी ही निर्मित होगी। लोकतंत्र में हमारा लक्ष्य जनता का कल्याण और उन्हें बेहतर जीवन देना है। प्रदेशवासियों को बिना परेशानी के समय-सीमा में बिना लिए -दिए योजनाओं का लाभ मिले और उनके शासन से संबंधित कार्य सरलता से हों, यही सुशासन है। हमें अपने-अपने क्षेत्र में सुशासन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सतर्कता और सावधानी बनाए रखना आवश्यक है। बेहतर छवि के लिए नकारात्मक समाचारों का तत्काल खंडन और त्वरित कार्यवाही की जाए। यह कॉन्फ्रेंस अपने कार्य को और अधिक बेहतर कैसे कर सकते हैं इस पर विचार-विमर्श के उद्देश्य से बुलाई गई है। बैठक में तनावमुक्त होकर सम्मिलित हों और योजनाओं तथा कार्यक्रमों के संबंध में जिलों में जो नवाचार किए गए हैं। उन्हें तथा योजनाओं को अधिक लाभकारी और उनके क्रियान्वयन को अधिक प्रभावी बनाने में अधिकारी अपने सुझाव दें।

मुख्यमंत्री चौहान ने 5 फरवरी से प्रदेश में आरंभ हो रही विकास यात्राओं के लिए जारी तैयारियों की समीक्षा की। बताया गया कि विकास यात्राएँ विधानसभा क्षेत्रवार की जाएंगी। यात्रा की विकास पताका होगी तथा विकास रथ द्वारा क्षेत्र में हुए निर्माण कार्यों, विकास गतिविधियों और जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि विकास यात्राओं में क्षेत्र के पंच-सरपंच, पार्षद सहित सभी जन-प्रतिनिधि, दीनदयाल अंत्योदय समिति के सदस्यों, महिला स्व-सहायता समूहों को जोड़ा जाए। क्षेत्र की लाड़ली लक्ष्मियाँ भी बालिकाओं को स्कूल शिक्षा तथा उनके लिए संचालित अन्य योजनाओं की जानकारी दें। विकास यात्रा में सभी गाँवों में जन-सभाएँ की जाएँ। यात्रा को बहुउद्देश्यीय और बहुउपयोगी बनाने के लिए योजनाओं की जानकारी और उनका लाभ देने, शिलान्यास और भूमि-पूजन के साथ आँगनवाड़ी, स्कूल, राशन दुकान, होस्टल आदि का निरीक्षण भी किया जाए।

**मेरा प्रदेश-मेरा गाँव की भावना को सशक्त करना आवश्यक:** मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य विकास और जन-कल्याण के कार्यों को जनता के बीच ले जाना है। इन कार्यों के क्रियान्वयन से जनता को जोड़ना आवश्यक है। सामुदायिकता की भावना विकसित करने और विकास एवं जन-कल्याण के कार्यों से जनता को जोड़ने से मेरा प्रदेश-मेरा गाँव की भावना सशक्त होगी। विकास यात्रा इस स्वरूप में हो कि यात्रा आरंभ से ही जन-सामान्य की चर्चा, रूचि और अपेक्षाओं की पूर्ति का माध्यम बने और लोग इससे लाभान्वित हों। मुख्यमंत्री चौहान ने डिण्डौरी, राजगढ़, दतिया और सीहोर कलेक्टर से जिले में जारी तैयारियों की जानकारी ली।

**मजरे-टोलों-फालियों तक दी जाए पेसा नियम के प्रावधानों की जानकारी:** मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि पेसा नियम-2022 के प्रावधानों की जानकारी देने उनके प्रचार-प्रसार तथा आवश्यक प्रशिक्षण के लिए संबंधित जिलों में गंभीरता से प्रयास किए जाएँ। जानकारी दी गई कि प्रदेश के 20 जिलों के 89 विकासखंड के 11 हजार 577 ग्रामों में पेसा नियम लागू हुए हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने बैंक खाते खुलवाने, शांति एवं विवाद निवारण समिति, ग्रामों में वन संसाधन नियंत्रण समिति गठन तथा तेन्दूपत्ता संग्रहण एवं विपणन कार्य के लिए जारी गतिविधियों की समीक्षा के दौरान अनूपपुर, अलीराजपुर को कार्य को गति देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि जनजातीय समुदाय को सशक्त करने के लिए पेसा नियमों का क्रियान्वयन आवश्यक है। यह सुनिश्चित किया जाए कि फौती नामांतरण का कोई प्रकरण शेष न रहे। वन ग्रामों को राजस्व ग्राम में परिवर्तित करने के लिए समय-सीमा तय कर कार्य किया जाए। प्रमुख गौण खनिजों के संबंध में ग्राम सभाओं को जानकारी देने के लिए क्षेत्र में होने वाली विकास यात्राओं में विशेष व्यवस्था की जाए। गाँव के आसपास स्थित मजरे-टोलों-फालियों के निवासियों को भी पेसा नियम की जानकारी दी जाए। मुख्यमंत्री चौहान ने मंडला, शहडोल, श्योपुर और बुरहानपुर पेसा नियमों के क्रियान्वयन के लिए संचालित गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना के लिए आवश्यकता होने पर अधिग्रहित की जाएगी भूमि

**सिन्धी और बंगाली विस्थापितों के पट्टों का जल्द स्थाई समाधान करें:** मुख्यमंत्री चौहान ने कहा है कि गरीबी की स्थिति में रह रहे बड़े परिवारों को रहने का स्थान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री आवास भू-अधिकार योजना आरंभ की गई है। जरूरतमंद लोगों के लिए मानवीय आधार पर संवेदनशीलता के साथ प्रकरणों का निराकरण किया जाए। योजना में जो व्यक्ति अपात्र पाए जाते हैं उन्हें पत्र द्वारा

## सभी के समन्वित प्रयासों से ही प्रगति, विकास और जन-कल्याण के परिणाम आएंगे: शिवराज सिंह चौहान

अपात्रता का कारण बताया जाए। आवश्यकता होने पर योजना के लिए भूमि अधिग्रहित भी की जाएगी। बताया गया कि योजना में 13 लाख 32 हजार 517 आवेदन प्राप्त हुए हैं तथा मुख्यमंत्री नगरीय भू-अधिकार योजना में 1 लाख 90 हजार आवेदन प्राप्त हुए। मुख्यमंत्री चौहान ने सिन्धी समुदाय तथा वर्ष 1972 में आए बंगाली विस्थापितों के पट्टों की समस्या का भी जल्द ही अंतिम रूप से स्थाई समाधान करने के निर्देश दिए।

**प्रधानमंत्री आवास पूर्ण कराने के लिए हितग्राही की हरसंभव सहायता की जाएगी:** मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में जिन्होंने आवास निर्माण आरंभ नहीं किया है तथा जिनका निर्माण अधूरा रह गया है, उनकी पृथक-पृथक सूची बनाई जाए। आवास पूर्ण कराने के लिए राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। योजना में 25 हजार से अधिक लक्ष्य वाले जिलों में जबलपुर, कटनी, सीधी, शहडोल और रीवा प्रदेश के प्रथम पाँच जिलों में रहे। जबकि बड़वानी, रायसेन, झाबुआ, नरसिंहपुर और राजगढ़ को कार्य को गति देने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार 25 हजार से कम लक्ष्य वाले जिलों में छतरपुर, मंदसौर, शाजापुर, मुरैना और ग्वालियर प्रथम पॉच में तथा अशोकनगर, अनूपपुर, श्योपुर, गुना और नर्मदापुरम् अंतिम पाँच जिलों में शामिल थे।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में जिन हितग्राहियों के आवास बन रहे हैं, उनकी प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर डाली जाए। यह प्रतिक्रिया जिले में हो रहे कार्य का प्रतिबिंब होगी। जिला प्रशासन कैसा काम कर रहा है, इसका सर्टिफिकेट सोशल मीडिया पर जनता दे। सोशल मीडिया के माध्यम से कलेक्टर की परफार्मेन्स देश देखता है।

**अवैध कालोनियों के विकास शुल्क के संबंध में व्यवहारिक नीति बनाई जाए:** मुख्यमंत्री चौहान ने कहा है कि प्रदेश में सभी अवैध कालोनियों को वैध किया जाए तथा अब प्रदेश में किसी भी अवैध कालोनी को विकसित होने नहीं दिया जाए। पुरानी अवैध कालोनियों को वैध कर उन्हें विकसित किया जाए तथा विकास शुल्क के संबंध में व्यवहारिक नीति बनाई जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में 5 हजार 642 अनाधिकृत कालोनियाँ हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि कलेक्टर-कमिश्नर कान्फ्रेंस में कलेक्टर्स द्वारा किए गए नवाचारों के लिए ओपन हाउस वार्ता भी रखी जाएगी।

## कलेक्टर्स, जन-कल्याण के लिए करें क्षमताओं का भरपूर उपयोग: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि गरीब वर्ग को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जिला स्तरीय बैंकर्स समिति, जिला स्वास्थ्य समिति और अन्य समितियों की नियमित बैठकें हों। कलेक्टर्स और कमिश्नर्स अनाथ बच्चों, मूक बधिर और कोविड काल में बेसहारा हुए बच्चों को सहायता दें। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि कलेक्टर्स-कमिशनर्स जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिए अपनी क्षमताओं का भरपूर उपयोग करें। भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण के साथ निर्भय होकर जनहित में कार्य करें। प्रत्येक जिले में अंकुर अभियान का संचालन हो। जनता को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ें।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि संत रविदास जयंती से अनुसूचित जाति जनजाति के उन बच्चों को भी प्रमाण-पत्र देने का कार्य प्रारंभ होगा जो इससे वंचित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा जिलों में उद्योग क्षेत्र में निवेशकों को प्रोत्साहित करें। एक जिला-एक उत्पाद कार्यक्रम से लोगों को जोड़ कर लाभान्वित करें। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि युवाओं को कौशल विकास का लाभ दिलवाएँ। सामान्य उच्च शिक्षा के स्थान पर ऐसी शिक्षा दिलवाएँ जो उन्हें किसी हुनर में दक्ष बनाए। लाड़ली लक्ष्मी बेटियों को रचनात्मक कार्यों से जोड़ें। जिलों में छात्रावासों में व्यवस्थाएँ बेहतर बनाने का अभियान चलाएँ। दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग दिलवाने आगे आएँ। एक भी पात्र सुविधा से वंचित न हो।

मुख्यमंत्री चौहान ने मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान में अच्छे कार्यों के लिए कलेक्टर्स को बधाई दी। उन्होंने कहा कि संबल -2 योजना के प्रारूप को जल्द अंतिम रूप दिया जायेगा। योजना के हितग्राहियों को अनुग्रह सहायता जिसमें आकस्मिक मृत्यु और सामान्य मृत्यु शामिल है, प्रसूति सहायता, बेटियों के विवाह के लिए सहायता और बेटे-बेटियों को मेडिकल और इंजीनियरिंग की शिक्षा के लिए शिक्षण शुल्क देने का कार्य एक पेकेज के रूप में प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना में हवाई यात्रा भी प्रारंभ होगी। प्रदेश के सभी जिलों में शीघ्र महिला सम्मेलन होंगे। गरीब बहनों को आजीविका मिशन और बैंकों के माध्यम से जीवन संवारने का कार्य प्रारंभ किया गया था, उसे गति प्रदान की जाएगी।

**जल जीवन मिशन:** प्रमुख उपलब्धियाँ - कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि योजना में प्रदेश के 120 लाख घरों तक नल से जल प्रदाय करने के लक्ष्य के विरूद्ध लगभग 50 प्रतिशत प्राप्ति हो चुकी है। हाल ही में की गई समीक्षा में बुरहानपुर, नीमच, इंदौर, बालाघाट और रतलाम रेंकिंग में आगे हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश - मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि जन-प्रतिनिधि और आमजन कार्यों को देखें। कलेक्टर नियमित रूप से कार्यों की मानीटरिंग करें और दिन-रात जुट कर कार्य करें। महिला स्व-सहायता समूहों को भी जोड़ना है। जिलों में साप्ताहिक समीक्षा की जाए। जनता के सुझावों के आधार पर भी कार्य किये जायें।

कमिशनर्स भी हर माह समीक्षा करें। ग्राम में योजना के उद्घाटन पर जल कलश यात्रा निकाली जाये। पेयजल मिशन से जनता जुड़े। कार्य पूर्ण होने पर लोकार्पण कार्यक्रम में जनता की भागीदारी हो। जन अभियान परिषद, योजना के क्रियान्वयन से भी जुड़ें। प्रारंभ हो चुकी योजनाएँ ठीक से संचालित हों, इस पर नजर रखना है। जहाँ पानी उपलब्ध नहीं है, वहाँ अन्य विकल्पों पर भी कार्य किया जाए।

**सीएम राइज स्कूल:** प्रमुख उपलब्धियाँ - प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 274 और जनजातीय कार्य विभाग द्वारा 95 विद्यालयों के संचालन के कार्य किए जा रहे हैं। सीहोर जिले के नसरूल्लागंज में शिक्षकों, बच्चों और अभिभावकों ने काफी रूचि ली है। इन स्कूलों से अपनापन देखा जा रहा है। अन्य जिलों में कलेक्टर्स ने विद्यालयों को चित्रकला के माध्यम से आकर्षक बनाया है। अनेक सुविधाओं से युक्त विद्यालयों में पढ़ने के लिए विद्यार्थी जागरूक हुए हैं।

**मुख्यमंत्री के निर्देश** - मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम राइज स्कूल से लोगों की उम्मीद जागी है। यह योजना लोकप्रिय हो, इसकी ठीक से मानीटरिंग की जाए। यदि कहीं विद्यालय निर्माण से जुड़े भूमि विवाद हों तो वे समाप्त किए जाएँ।


### स्वास्थ्य क्षेत्र में लोकप्रिय होती सुमन डेस्क

**प्रमुख उपलब्धियाँ** - बताया गया कि प्रदेश में शिशु एवं मातृ मृत्यु दर कम करने के प्रयास निरंतर हो रहे हैं। गर्भावस्था में पंजीयन के कार्य में झाबुआ, भोपाल, अलीराजपुर, उज्जैन और धार सबसे आगे हैं। हाई रिस्क महिलाओं (गंभीर एनीमिया) के चिन्हांकन पर ध्यान दिया जा रहा है। इसमें रीवा, सीधी, मण्डला, अलीराजपुर और छिन्दवाड़ा शीर्ष जिले हैं। उच्च जोखिम वाली महिलाओं की सुमन हेल्प डेस्क द्वारा ट्रेकिंग की जा रही है। हाई रिस्क माताओं की जानकारी अनमोल मोबाईल एप से पोर्टल पर पंजीयन कर ट्रेकिंग के लिए सर्वप्रथम हाई रिस्क गर्भवती माताओं की ब्लॉक वार सूची बनाने और उसके अनुसार जिला स्तर पर संचालित सुमन हेल्प डेस्क द्वारा महिलाओं को मोबाईल के माध्यम से संपर्क किया जाता है। समय पूर्व प्रसव के लिए निकट के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती होने की कॉउंसलिंग और गर्भवती माताओं का नियमित फलोअप कर परिवहन के लिए 108 एम्बुलेन्स सहायता भी दी जाती है। इसके लिए कर्मचारियों का दायित्व निर्धारित किया गया है। प्रदेश में निजी अस्पतालों से टाइअप कर आयुष्मान कार्डधारी हितग्राही लाभान्वित किए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में करीब सवा दो हजार निजी अस्पताल आयुष्मान हितग्राहियों के उपचार के लिए अनुबंधित हैं।

मुख्यमंत्री के निर्देश- कलेक्टर जिले में एक अस्पताल को आदर्श बनाएँ। आमजन को दवाओं की उपलब्धता की जानकारी सूचना पट के माध्यम से दें। स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी जाए।



आज मध्यप्रदेश में चिकित्सा शिक्षा विभाग में लगातार बढ़ती अनियमितताओं और लाखों नर्सिंग छात्र छात्राओं की समस्याओं को लेकर एनएसयूआई मेडिकल विंग सैकड़ों छात्र छात्राओं के साथ मंत्री विश्वास सारंग के बंगले का घेराव करने पहुंची मंत्री के बंगले पर जमकर नारेबाजी कर रहे छात्र छात्राएं विश्वास सारंग से इस्तीफे की मांग की।



भोपाल। भाजपा नेता प्रभात झा के निवास पर पहुंचे पद्म विभूषण श्री चित्रकूट तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज का झा ने पूरे परिवार को आशीर्वाद लिया।

## राष्ट्रीय सरपंच संघ ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री निवास पर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया



भोपाल । राजधानी में राष्ट्रीय सरपंच संघ के पदाधिकारियों की गांधी भवन में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें सरपंचों की विभिन्न मांगो को लेकर चर्चा हुई । बैठक उपरांत सभी राष्ट्रीय सरपंच संघके पदाधिकारी ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री निवास पर प्रदर्शन किया उसके बाद मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया। जैसे बजट सत्र शुरू होने जा रहा है साथ ही आगामी दिनों विधान सभा के चुनाव भी नजदीक आते जा रहे तो विभिन्न संगठन अपनी मांगों को लेकर सक्रिय होते हुए केन्द्र और राज्य सरकार से मुख्य पर दबाव बनाते जा रहे हैं उन्हीं में राष्ट्रीय सरपंच संघही इस संगठन के पदाधिकारियों ने मंगलवार 31 जनवरी 2023 को एक बैठक आयोजित कर मुख्य मंत्री निवास पर प्रदर्शन किया उसके उपरांत अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। राष्ट्रीय सरपंच संघ ने अपने मांगपत्र में केन्द्र और राज्य सरकार से सरपंच , ग्राम प्रधान, चेरमेन या मुखिया को लोक सेवक के दायरे में लेकर लोक सेवक को मिलती सभी सुविधा दी जाए । सरपंच, ग्राम प्रधान, चेरमेन या मुखिया को नेशनल, स्टेट या लोकल टोल टैक्स फ्री करे। 73वा संविधान संशोधन को पूर्ण रूप से लागू किया जाए । केन्द्र सरकार और सभी राज्य सरकारे पंचायत आयोग का गठन करे ।पूरे भारत वर्ष के सभी सरपंचों, मुखिया , चेरमेन या ग्राम प्रधान का मानदेव की जगह मासिक पगार रु. 20,000/, पंचों को रु. 4000/- और रिटायर पेन्शन रु. 8000/ केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की संयुक्त पॉलिसी से मिले । इसी तरह की अन्य एक दर्जन से अधिक मांग हैं। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवीर पलसानिया, प्रदेश अध्यक्ष निर्भय सिंह यादव, राजवीर सिंह तोमर, संजय यादव प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## कहीं आग या दुर्घटना देखें तो वीडियो नहीं बनाएं, पीड़ित की मदद करें, घर में ज्वलनशील पदार्थ न रखें

### वीआईटी के छात्रों और फैकल्टी ने सीखा, आग के खतरों से कैसे निपटें



भोपाल। स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर वीआईटी भोपाल ने छात्रों, कर्मचारियों और फैकल्टी ने मंगलवार 31 जनवरी को एक मॉक ड्रील के जरिए आग और अन्य खतरों से निपटना सीखा। पिछले 23 साल से अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव की ट्रेनिंग दे रहे नगर निगम के सब फायर ऑफिसर डॉ साजिद खान ने बताया कि कहीं आग या दुर्घटना होते हुए देखें तो सेल्फी लेने या वीडियो बनाने की बजाय पीड़ित की मदद करें। उन्होंने कहा कि घर में एसिड जैसा कोई ज्वलनशील पदार्थ नहीं रखें।

डॉ. खान ने तीनों इमरजेंसी नंबर 100 (पुलिस), 101 (फायर ब्रिगेड), और 108 (एंबुलेंस) याद रखने को कहा। उन्होंने बताया कि बिजली ओवरलोडिंग न करें। लूज कनेक्शन ना हों। गैस सिलेंडर के खतरों और सेनिटाइजर के खतरों के बारे में भी उम्होंने जानकारी दी। साजिद खान ने बताया कि सेनिटाइजर लगाकर आग के पास नहीं जाएं। साजिद खान ने दुर्घटना होने पर बच कर निकलने के तरीके भी बताए। साँप से काटने पर तुरंत उपचार व डॉक्टर तक पहुंचने के लिए क्या किया जाए इसका तरीका भी बतलाया.

इस ड्रिल में 400 छात्रों, गार्ड, हाउसकीपिंग और फैकल्टी ने हिस्सा लिया। वी आईटी संस्था ने अपने उत्कृष्ट गार्ड्स और स्टाफ को गोल्ड मेडल से पुरस्कृत किया! गृह मंत्रालय के तहत गठित स्थायी अग्नि सलाहकार परिषद (स्न्रष्ट) ,भारतीय मानक ब्यूरो (क्च्ढ्ढस्) और राष्ट्रीय भवन संहिता 2016 (ह्लक्च्ष्ट 2016) के अनुसार स्कूलों, कॉलेजों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर जहां भी जीवन के अस्तित्व को खतरा हो सकता वहां इस तरह के प्रशिक्षण जरूरी हैं। इस अत्यंत जरूरी जीवन रक्षक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर वीआईटी, नगर निगम भोपाल के सहयोग से इस तरह के प्रशिक्षण आयोजित करता है। एंटीक आर्केड क्लब ने भी इस प्रशिक्षण के आयोजन में सहयोग किया।

# गायब होता जा रहा सरकार नागरिक संवाद

हर रोज़ मीडिया में खबरें भरी पड़ी हैं- छोटी और बड़ी, लोगबाग सड़कों पर निकलकर प्रदर्शन-धरने कर रहे हैं, जुलूस निकल रहे हैं, नारेबाजी हो रही है, पर्चे बांटे जा रहे हैं, यह सब इसलिए कि किसी तरह प्रशासन-सरकार उनकी शिकायतें सुन ले। सरकार शिकायतें तो सुनती है,पर निराकरण नहीं होता ? आम आदमी सड़कों पर आकर यह सब करने को बमुश्किल होता है,क्योंकि उसके लिए यह कीमती वक्त और प्रयास बेकार करने जैसा है, जिसका उपयोग दो जून की रोटी कमाने में करना ज्यादा जरूरी है। निर्विकार बना प्रशासन जन समस्याओं का निवारण करना तो दूर, सुनने तक को राजी न हो तो और चारा भी क्या बचता है?

समस्या चाहे पंचायत स्तर की मामूली हो या फिर राज्य अथवा राष्ट्रीय स्तर की, आम आदमी के लिए सड़क पर आने का विकल्प ही बचा है। महिला पहलवानों का उदाहरण नवीनतम है, जिन्हें भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष द्वारा किये गए कथित अनुचित यौन दुर्व्यवहार के विरुद्ध अपनी आवाज़ सार्वजनिक तौर पर उठाने के लिए दिल्ली के जंतर-मतर पर धरना देना पड़ा है, उनके समर्थन में पुरुष पहलवान भी शामिल हुए। इनमें वे पहलवान भी हैं, जिन्होंने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया है और सरकार ने सम्मानित किया है। सरकार ने कुछ दिनों तक अनिर्णय में रहने के बाद अपने खेल मंत्री की मार्फत दखलअंदाज़ी की और लंबी चली वार्ताओं के बीच जांच का हुक्म आया।

एक खेल मंत्री पर भी यौन दुर्व्यवहार के आरोप लगे हैं। इस बार भी, सरकार द्वारा ठोस कार्रवाई न किए जाने के कारण मामला हफ्तों तक लटकता रहा। इससे इनकार नहीं, दोनों मामलों में सरकार की ओर से देरी के पीछे की वजह राजनीतिक कारणों से है। नेताओं को खेल संघों का अध्यक्ष बनाने के पीछे वजह एकदम सरल है- बात खिलाड़ी चुनने की हो या खेल सामग्री खरीदने की, अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके चीज़ें घुमाना और चोखा पैसा बनाना। जो भी है, उम्मीद करें कि जांच कमेटी न्याय प्रदान करेगी। काफी गंदगी सार्वजनिक हो चुकी है।

मुद्दों पर लोगों को अपनी पुरानी और नयी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरना पड़ा है, बात उनकी करें तो किसान फिर से उतने विशाल स्तर का आंदोलन चलाने की योजना बना रहे हैं जितना 2020 में हुआ था, क्योंकि उनका दावा है कि भारत और सूबा सरकारों ने जिन मांगों को स्वीकार किया था, उनपर अमल नहीं किया है। पिछला आंदोलन ऐतिहासिक था, जो लंबे समय चला, जिसमें विभिन्न राज्यों के किसानों ने भाग लिया और विभिन्न स्तरों पर चली लंबी वार्ताओं के बाद समझौता बन पाया था। यह सरकार की जिम्मेवारी है कि किसानों को न्यौता देकर मामला हल करे न कि हालात ऐसे बनने दे कि किसानों को मजबूरन फिर से आंदोलन की राह पकड़नी पड़े। जो निर्णय पहले स्वीकार किए गए हैं उनपर अमल हो और किसी प्रकार की गलत धारणा बनने देने से गुरेज करे।

इन समस्याओं के अलावा, कृषि उत्पाद की समुचित कीमत तय करने की समस्या स्थाई बनी हुई है। प्रदेशों के किसान गन्ना मिलों को बंद करवाने को मजबूर करते रहे हैं, क्योंकि सरकार समर्थन मूल्य का समझौता करवाने में पुनः विफल रही है। अगर समय रहते समझौता वार्ता शुरू हो जाती तो यह स्थिति पैदा ही नहीं होती। चल रहे आंदोलनों और प्रदर्शनों की सूची लंबी हैङ्क लंबे समय से विभिन्न संगठन उन कैदियों की रिहाई की मांग कर रहे हैं जो पिछले कई दशकों से जेलों में सड़ रहे हैं। अब इसको लेकर 'बंदी छोड़ मोर्चा' नामक एक आंदोलन शुरू हो गया है। सिखों में 'बंदी छोड़' शब्द से भावनात्मक जुड़ाव है क्योंकि मुगलों ने ग्वालियर के किले में बंद छठे गुरु हरगोबिंद को लंबी कैद के बाद रिहा करने का हुक्म दिया था। इस दिन को 'बंदी छोड़ दिवस' के रूप में मनाया जाता है। संबंधित सरकार को समीक्षा उपरांत या तो उन्हें रिहा करना चाहिए या कैद बरकरार रखनी है तो काम बाकायदा कानूनी कारण देकर हो।

समझौता वार्ताएं जारी रखना आज समाज, राजनीति और प्रशासन से दिनोंदिन गायब हो रहा है। लोग बाग एक-दूजे से बात न करने की बजाय एक-दूजे के बारे में बातें करते हैं। बातचीत और संवाद के मंच पर चुप्पी तारी हो रही है, जबकि दूसरी ओर इकतरफा प्रचार खूब चल रहा है, घरों की बैठक से लेकर सरकारी दफ्तर, यहां तक कि संसद में भी... संवाद नदारद है। सार्थक चर्चा की जगह अर्थहीन बकवास ने ले ली है क्योंकि सबका अपना-अपना एजेंडा है और रुख अडिग, ऐसे में बौद्धिक चर्चा कहां से होगी? एक वक्त था, जब फील्ड अधिकारी और मुख्यालय में नियुक्त अधिकारी, बाहर निकलकर दौरे करते हुए सक्रिय रहते थे और जमीनी हकीकत से रूबरू रहते थे। अब राजनीतिक कारणों से यह दोनों तरीके इस्तेमाल में नहीं हैं। सख्त मेहनत करने की जगह अनवरत संपर्क अभियानों एवं मीडिया का इस्तेमाल करके छवि चमकाने ने ले ली है। कभी सरकार खुद चलकर गांव जाया करती थी, अब ग्रामीणों को किसी राजनेता के बिचौलिये को साथ लाकर नेताओं तक पहुंच करनी पड़ती है।

सीधा संपर्क खोता जा रहा है और प्रशासनिक तंत्र ने अपना सबसे वफादार पुर्जा यानि नागरिक गंवा दिया है। संवाद तो लोकतंत्र के सबसे पवित्र धर्मस्थल यानि संसद में भी नदारद है। प्रेरणास्पद भाषण, चुटीले प्रत्युत्तर, प्रतिबद्ध प्रण वाले पुराने दिन लद गए। संसदीय मंच या कमेटी रूपी व्यवस्था से हमें कुछ हासिल नहीं होता। सत्ता पक्ष या विपक्ष दोनों के सांसद अब राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर उतने ही अंधेरे में हैं , जितना आम नागरिक ।अगर कहीं बहसें होती हैं तो वह है, टीवी चैनलों के स्टूडियो में बैठे एंकरों, राष्ट्रीय दलों के तीजे-चौथे दर्जे के प्रतिनिधियों और तथाकथित विशेषज्ञों के बीच। हर कोई अपने अड़ियल रुख पर कायम और अर्थपूर्ण बहस के लिए कोई जगह नहीं। इसकी बजाय, हमें सार्थक संवाद करना होगा, चर्चा करनी होगी ।

**-राकेश दुबे**

# जुबां पर आ ही गया शिवराज का दर्द

## राजबाड़ा टू रेसीडेंसी:



**- अरविंद तिवारी**

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का दर्द भी वाजिब है। हाल ही में संपन्न नगरीय निकाय चुनाव में नतीजे भाजपा के पक्ष में करने के लिए मुख्यमंत्री सहित भाजपा के नेताओं ने नतीजा अपने पक्ष में करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी थी। लेकिन धार जिले में पार्टी को करारी शिकस्त खाना पड़ी।

पिछले दिनों संपन्न भाजपा की प्रबंध समिति की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री का दर्द फूट पड़ा। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष जी हम धार में चुनाव अपनों के कारण ही हारे। यह किसी से छुपा हुआ नहीं है कि कहां, कैसे उम्मीदवार खड़े कर अधिकृत उम्मीदवारों को शिकस्त दिलवाई गई। वे यहीं नहीं रुके बोले अध्यक्ष जी ऐसे लोगों के खिलाफ तो कड़ी कार्रवाई करिए। देखते हैं जो सीएम ने कहा उसका कितना असर संगठन पर पड़ता है।

**विस्तार नड्डा को मिला, संभावना वीडी को दिखने लगी**

राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में जेपी नड्डा के कार्यकाल



को विस्तार मिलने के बाद अब प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा को भी अपने पक्ष में अच्छी संभावना दिखने लगी है। शर्मा का तीन साल का कार्यकाल भी समाप्त होने वाला है और नए अध्यक्ष को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो गई है। एक-दो केंद्रीय मंत्रियों से लेकर पार्टी में राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदार पदों पर बैठे नेताओं के साथ ही प्रदेश के कुछ दिग्गजों के नाम भी नए अध्यक्ष के रूप में चर्चा में आ गए हैं।

इनमें से कुछ दिल्ली दरबार की पसंद भी बताए जा रहे हैं। हालांकि इस सबसे कोई वास्ता न रखते हुए संघ के दिग्गजों का वरदहस्त प्राप्त शर्मा यह मानकर चल रहे हैं कि मध्यप्रदेश में अगले विधानसभा चुनाव उनके प्रदेशाध्यक्ष रहते ही होंगे।

**सिंधिया का ठप्पा नहीं, परफार्मेंस से होगा टिकट का फैसला**



2023 में फिर से सत्ता पाने के लिए भाजपा की जो मशक्कत चल रही है वह केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक, मंत्रियों और विधायकों के लिए परेशानी का बड़ा कारण बन सकती है।

अभी तक सिंधिया के ठप्पे पर टिकट हासिल करने वाले मंत्रियों और विधायकों को यह तो स्पष्ट हो ही गया है कि अब मंत्रियों की उम्मीदवारी का फैसला परफार्मेंस और विधायकों के टिकट का फैसला पार्टी के सर्वे के आधार पर होगा। अभी जो हालात हैं उसमें इस खेमे के चार मंत्री और आधा दर्जन से ज्यादा विधायक उम्मीदवारी की दौड़ से बाहर निकलते नजर आ रहे हैं। देखना है इनकी उम्मीदवारी के मामले में इस बार सिंधिया का जोर कितना चल पाता है।

**हकीकत तो प्रवीण कक्कड़ ही बता पाते हैं**

कमलनाथ के दरबार में इंदौर के कई नेता अहम भूमिका में हैं। चंद्रप्रभाष शेखर, सज्जन सिंह वर्मा, शोभा ओझा, केके मिश्रा की राय को अलग-अलग मामलों में तवज्जो दी जाती है। किसको कहां उठाना, कहां नीचे लाना और कितना सुनना इस कला में कमलनाथ बेजोड़ हैं।

लेकिन इन सबसे हटकर प्रवीण कक्कड़ का मामला है। इसका भी कारण है। जब भी इंदौर के किसी मामले में निष्पक्ष आकलन की बात आती है तो फिर कक्कड़ ही तलब किए जाते हैं क्योंकि यह माना जाता है कि उनका फीडबैक किसी पूर्वाग्रह या दुराग्रह से परे सिर्फ कांग्रेस का हित और हकीकत बताने वाला होता है।

**अब ये मजबूती से हमारी बात आगे बढ़ाते हैं**

कांग्रेस से भाजपा में जाने का सिलसिला तो लंबे समय से चल रहा है, लेकिन कमलनाथ के मीडिया सलाहकार की भूमिका छोड़कर भाजपा में शामिल हुए नरेन्द्र सलुजा को जो तवज्जो मुख्यमंत्री और प्रदेशाध्यक्ष दे रहे हैं, उससे कइयों को जलन होना स्वाभाविक है।

पिछले दिनों प्रवासी भारतीय सम्मेलन के दौरान जब मुख्यमंत्री फ्रेंड्स ऑफ एमपी के कार्यक्रम में पहुंचे और वहां उनकी नजर सलुजा पर पड़ी तो उन्होंने उन्हें मंच पर बुलाया, वहां मौजूद लोगों से उनका परिचय करवाया और पीठ थपथपाते हुए बोले यह हमारे प्रवक्ता हैं और बहुत मजबूती से हमारी बात को आगे बढ़ाते हैं।

**तब बचे तो अब फंसे संजय चौधरी**

अपनी पूरी नौकरी के दौरान संजय चौधरी ज्यादातर मलाईदार पदों पर रहे। इन पदों का दोहन करने में भी उन्होंने और उनके परिजनों ने कोई कसर बाकी नहीं रखी। जब वे प्रदेश के खेल संचालक थे, तब भी एक बड़ा घोटाला हुआ था और इसके सारे प्रमाण कागजों पर भी आ गए थे। विधानसभा में भी यह मामला गूंजा था और लोकायुक्त तक भी शिकायत पहुंची थी, लेकिन तब चौधरी ने अपने संबंधों का फायदा उठाते हुए मामले को दबवा दिया था। मामले दबे जरूर लेकिन दफन नहीं हुए और जैसे ही चौधरी रिटायर हुए उनके कारनामों के कागज अलग-अलग जगह दस्तक देने लगे। एक सेवानिवृत्त पुलिस अफसर ने चौधरी के मामले में बिलकुल सटीक टिप्पणी करते हुए कहा कि इन्होंने हमेशा अपने पद और पावर का उपयोग भ्रष्टाचार के लिए किया।

**चलते-चलते**

नर्मदा जयंती के दिन वी डी शर्मा के गले में हाथ डालकर जिस तरह से शिवराज सिंह चौहान ने मां नर्मदा का अभिवादन किया उसके बाद कईयों का चौंकना स्वाभाविक है।

मालवा के एक जिले में अपर कलेक्टर रहने के बाद कुछ महीने पहले ही एक जिले की कमान संभालने वाले कलेक्टर का अपने ही जिले की एक महिला अधिकारी के साथ छुट्टियां मनाने गोवा पहुंचना इन दिनों प्रशासनिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले में घर का भेदी लंका ढहाए की तर्ज पर ही काम हुआ है। जिस व्यक्ति के जिम्मे तमाम व्यवस्थाएं थी, वही इस गोवा ट्रिप को प्रसारित करने का सबसे बड़ा माध्यम बन गया।

**पुछल्ला**

इसे संयोग तो नहीं दुर्योग ही कहा जाएगा। धार जिले की राजनीति में कद्दावर नेता विक्रम वर्मा की कभी भी पार्टी के ही जिलाध्यक्ष से नहीं पटी। प्रभु राठौर से लेकर राजीव यादव तक अध्यक्षों की लंबी फेहरिस्त है, जो पहले वर्मा के खास सिपहासालार रहे और बाद में उनके धुर विरोधी हो गए। वैसे वर्मा के बारे में भी अब पार्टी में यह कहा जाता है कि वे केवल एक विधानसभा क्षेत्र यानि धार के नेता होकर रह गए हैं। पीथमपुर में भाजपा की हार भी वर्मा के लिए करारा झटका है।

**बात मीडिया की**

बिना सुधीर अग्रवाल की जानकारी के उनके निजी स्टाफ के एक व्यक्ति ने सुधीर जी के किसी परिचित को कोई काम बता दिया। काम करने के बाद जब कम्प्लांस के तौर पर संबंधित व्यक्ति ने सुधीर जी को ही फोन लगा दिया तो उनका चौंकना स्वाभाविक था। उसे तत्काल दफ्तर बुलवाया, स्टॉफ के व्यक्ति से रूबरू करवाया और फिर स्टॉफ को यह हिदायत देते हुए दायित्वविहीन कर दिया कि अब तुम यहां बस बैठे रहो।

हाइपर लोकल का पेज की तैयारियां दैनिक भास्कर लंबे समय से कर रहा था और जल्द ही यह पेज बाजार में आने वाला था लेकिन बाजी पत्रिका मार गया। उसने इस पेज को पहले लांच कर दिया। इस पेज को देखेंगे संतोष मिश्रा। मिश्रा लंबे समय तक अग्निबाण में सेवाएं दे चुके हैं।

वरिष्ठ पत्रकार गिरीश उपाध्याय भोपाल में नव स्वदेश के संपादक की भूमिका में रहेंगे।

कुछ ही दिनों पूर्व दैनिक भास्कर भोपाल को अलविदा कहने वाले वरिष्ठ पत्रकार भीमसिंह मीणा अब ई-टीवी भारत से जुड़ गए हैं।

खरगोन के वरिष्ठ पत्रकार नीरज जोशी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। ब्रेन ट्यूमर की सर्जरी के बाद नीरज को इन्फेक्शन हो गया था और काफी इलाज के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका।

# ग्रुप्स ऑफ कलेक्टर्स की राजधानी वापसी

**रवीन्द्र जैन**

सरकार में नेताओं के बाद अफसरों का भी समय होता है। कई




आईएएस अधिकारी कलेक्टर बनने का सपना देखते रिटायर हो गए हैं। कई ऐसे अफसर हैं जिनका कलेक्टरों का समूह है। हाल ही में हुए प्रशासनिक फेरबदल में है ग्रुप्स ऑफ कलेक्टर्स की राजधानी वापसी हो गई है। खास बात यह है कि ग्रुप्स ऑफ कलेक्टर्स जिन जिलों में रहे हैं, उनके कामकाज के चर्चे मंत्रालय तक सुनाई देते रहे।

राजधानी वापसी पर भी ग्रुप्स ऑफ कलेक्टर्स के अफसर इन्फ्रास्ट्रक्चर के विभागों में पदस्थ किये गए हैं। जिसके पास हजारों करोड़ का फंड सीधे भारत सरकार से आता है। फिलहाल ग्रुप्स ऑफ कलेक्टर्स के चर्चे जोरों पर हैं।

**वीरा राणा की मंत्रालय से दूरी**

1988 बैच की आईएएस अधिकारी वीरा राणा मुख्य सचिव की दौड़ में सबसे आगे थीं। मौजूदा मुख्य सचिव के एक्सटेंशन के बाद वीरा राणा सहित अनेक अफसरों की हसरतों पर पानी फिर गया। पिछले महीने कृषि उत्पादन आयुक्त (एपीसी) 1988 बैच के आईएएस शैलेष सिंह के रिटायर होने के बाद राज्य शासन ने माध्यमिक शिक्षा मंडल की अध्यक्ष वीरा राणा को एपीसी का प्रभार दिया है। वीरा इसके लिए तैयार नहीं थीं। वे मंत्रालय में बैठने को तैयार नहीं हैं। खबर आ रही है कि उन्हें यह कहकर राजी किया कि उन्हें मंत्रालय आने की कोई जरूरत नहीं है। कृषि उत्पादन आयुक्त से संबंधित फाइलें उन तक पहुंचा दी जाएंगी।

**ठेंगे पर प्रभारी मंत्री के निर्देश!**

शिवपुरी कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह को प्रभारी मंत्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया के निर्देशों को ठेंगा दिखाने का पुरस्कार ग्वालियर कलेक्टर बनाकर दिया गया है। शिवपुरी कलेक्टर सिंह के बारे में चर्चा है कि वे भाजपा की बुआ जी यानि यशोधरा राजे सिंधिया के विश्वसनीय अफसर रहे हैं।

वे ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक मंत्री महेन्द्र सिसौदिया के कई निर्देशों को रद्दी की टोकरी में फेंक देते थे। कोलारस तहसीलदार ज्योति लक्षाकार को निलम्बित करने का आदेश हो या पिछोर के खाद्य अधिकारी को हटाने का कलेक्टर ने सिसौदिया की एक नहीं सुनी। शिवपुरी में चर्चा है कि प्रभारी मंत्री को ठेंगा दिखाने का ईनाम उन्हें ग्वालियर कलेक्टर बनाकर दिया गया है।

**कमलनाथ का गुस्सा!**

इस सप्ताह मप्र कांग्रेस कार्यालय में पहली बार कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कमलनाथ को इतने गुस्से में देखा। इंदौर के घटनाक्रम को लेकर कमलनाथ इसलिए भी गुस्से में हैं कि उनके खास लोगों ने ही उनके फैसले का विरोध किया। दरअसल इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष के लिए कमलनाथ ने लगभग सभी नेताओं से सहमति ली।



इंदौर के दोनों कांग्रेस विधायकों ने अरविन्द बागडी के नाम पर सहमति दे दी इसके बाद ही उनके नाम की घोषणा हुई। कमलनाथ के खास माने जाने वाले विनय बाकलीवाल ने ही इस फैसले का विरोध कराया और पुतले जलवाए। बाकलीवाल से कमलनाथ इतने नाराज थे कि उन्हें अपने बंगले में नहीं घुसने दिया। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मीडिया विभाग के कक्ष में जैसे ही कमलनाथ का सामना बाकलीवाल से हुआ कमलनाथ गुस्से से लाल थे। उन्होंने बाकलीवाल को जमकर फटकार लगाई।

**सिंधिया समर्थकों में दहशत**

कांग्रेस से विद्रोह कर भाजपा में आए ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक मंत्रियों में कुर्सी को लेकर और विधायकों में भविष्य को लेकर दहशत साफ दिखाई दे रही है। भाजपा दफ्तर से बाहर आ रही खबरों पर विश्वास किया जाए तो सिंधिया समर्थक लगभग छह मंत्रियों को नकारा साबित कर कैबिनेट से बाहर किया जा सकता है।



पिछले दिनों कुछ खास सिंधिया समर्थक मंत्रियों को प्रदेश भाजपा कार्यालय बुलाकर नसीहत भी दी गई है। चर्चा यह भी है कि इस सप्ताह भोपाल में हुई भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में शामिल होने ज्योतिरादित्य सिंधिया आए जरूर थे, लेकिन उनमें हमेशा की तरह जोश और उत्साह दिखाई नहीं दे रहा था। राजनीतिक हलकों में यहां तक खबर है कि अगले विधानसभा चुनाव में सिंधिया समर्थक आधे से ज्यादा विधायकों के टिकट भी कट सकते हैं।

**चर्चा में तीर्थ दर्शन यात्रा**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की तीर्थ दर्शन यात्रा आजकल चर्चा का विषय बनी हुई है। मुख्यमंत्री ने आर्थिक रूप से कमजोर बुजुर्गों के लिए यह योजना शुरू की है, लेकिन मप्र में इस योजना का लाभ सक्षम और धनाढ्य लोग भी उठा रहे हैं। मुरैना पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के शिक्षक पिता लालजी बागरी तीन वर्ष पहले जगन्नाथ की यात्रा कर आए थे। वे फिर से गरीब बनकर द्वारिकापुरी की यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे थे, तभी किसी दिलजले ने सतना कलेक्टर से चुगली कर दी। कलेक्टर ने शासकीय शिक्षक लालजी बागरी को निलंबित कर दिया। अब खबर आ रही है कृषि मंत्री कमल पटेल की सासु मां गरीबों के कोटे से रामेश्वरम यात्रा पर रवाना हो गई हैं। स्वयं मंत्री जी सास को विदा करने स्टेशन पहुंचे। अब कांग्रेसी मंत्री जी के ससुराल की गरीबी को लेकर चटकारे ले रहे हैं।

**और अंत में**

मप्र केडर के एक वरिष्ठ आईएएस के परिजन में गजब का साम्प्रदायिक सद्भाव का माहौल नजर आ रहा है। आईएएस स्वयं मुस्लिम हैं। उन्होंने शादी हिन्दु महिला से की थी। यही कारण है कि उनके घर में हिन्दु और इस्लाम दोनों त्यौहारों को उत्साह से मनाया जाता रहा। अब आईएएस की बेटी ईसाई से विवाह करने जा रही है। यानि दामाद के आने के बाद इन आईएएस के घर में पूजा व नमाज के साथ साथ गिरजाघर की प्रार्थना भी सुनी जा सकती है !

# फिल्मों को लेकर दो राहे पर सरकार

**राकेश अचल**

फिल्मों और वृतचित्रों को लेकर हमारी सरकार दो राहे पर है। सरकार एक तरफ फिल्मों के बहिष्कार की संस्कृति के खिलाफ दिखाई देती है तो दूसरी तरफ वृत्तचित्रों पर रोक लगा कर अपनी छवि को धूमिल होने से बचाने की कोशिश करती है।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर सरकार क पहले ऐसे मंत्री हैं जिन्होंने ने कुछ फिल्मों को निशाना बनाने वाली 'बहिष्कार संस्कृति' की निंदा की और कहा कि ऐसे समय में ऐसी घटनाएं माहौल को खराब करती हैं, जब भारत एक 'सॉफ्ट पावर' के रूप में अपना प्रभाव बढ़ाने को उत्सुक है. ।

अनुराग ठाकुर से मै कभी नहीं मिला किंतु आभासी रुप से मै उनसे खूब वाकिफ हूं। ठाकुर मितभाषी और शालीन मंत्री हैं ।वे किरेन रिजजू की तरह बचकानी बातें नहीं करते। उन्हें देश ने लंबे समय तक देश के अनुवादक वित्त राज्य मंत्री के रूप में भी देखा है। फिल्मों को लेकर अनुराग ठाकुर की सोच यदि केंद्र सरकार की भी सोच है तो ये शुभ लक्षण है ।शुभ इसलिए क्योंकि सरकार दूसरी तरफ बीबीसी की लघु फिल्म 'इंडिया दिस मोदी क्वश्चन 'पर रोक लगाए बैठी है। सरकार ने इस वृत्तचित्र पर टिप्पणियां तक प्रतिबंधित कर दी है।

ताजा मामला शाहरुख खान की फिल्म 'पठान' के बहिष्कार का है। भाजपा शासित राज्यों में पठान के प्रदर्शन को रोका जा रहा है ।ठाकुर ने कहा कि अगर किसी को किसी फिल्म से कोई दिक्कत है तो उसे संबंधित सरकारी विभाग से बात करनी चाहिए जो मुद्दे को फिल्म निर्माताओं के साथ उठा सकता है. लेकिन ठाकुर की सुनता कौन है ? वे इस मुद्दे पर अकेले हैं।

भाजपा और संघ परिवार से जुड़े विभिन्न समूहों द्वारा फिल्मों के बहिष्कार के बारे में पूछे जाने पर ठाकुर ने कहा, ''ऐसे समय में जब भारत एक 'सॉफ्ट पावर' के रूप में अपना प्रभाव बढ़ाने को उत्सुक है, ऐसे समय में जब भारतीय फिल्में दुनिया के हर कोने में धूम मचा रही हैं, इस तरह की बातें माहौल को खराब करती हैं।

भाजपा और संघ परिवार अतीत में भी अभिनेता अक्षय कुमार की सम्राट पृथ्वीराज, आमिर खान की लाल सिंह चड्ढा और दीपिका पादुकोण की पद्मावत को बहिष्कार की नाकाम कोशिशें कर चुका हैठाकुर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) फिल्म महोत्सव का उद्घाटन करने के लिए मुंबई में हैं, जिसमें आठ यूरेशियाई देशों के क्षेत्रीय समूह से 58 फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा।

अनुराग ठाकुर मोदी सरकार के पहले मंत्री हैं जो फिल्मों की रचनात्मक स्वायत्तता की भी जोरदार वकालत करते दिखाई दे रहे हैं ।ठाकुर ने पता नहीं किसकी शह पर कहा है कि , ''रचनात्मकता पर कोई प्रतिबंध नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को ओटीटी मंच पर सामग्री के बारे में शिकायतें मिलती हैं, लेकिन लगभग 95 प्रतिशत शिकायतों का समाधान निर्माताओं के स्तर पर हो जाता है और अन्य को 'एसोसिएशन आफ पब्लिशर्स' के दूसरे चरण में सुलझाया जाता है।

अब मोदी पर बने वृत्तचित्र की बात करते हैं। पूरे देश के नामचीन विश्व विद्यालयों में इस वृत्तचित्र के प्रदर्शन की कोशिशें हो रही है और पुलिस उन्हें नाकाम करने में लगी है ।बेहतर होता कि सरकार प्रधानमंत्री जी पर बने इस वृत्तचित्र को दूरदर्शन पर दिखाकर अच्छा खासा राजस्व कमाने के साथ ही वाहवाही लूटती। सरकार वृत्तचित्र में कथित झूठ का पर्दाफाश करने के लिए फिल्म के प्रदर्शन के फौरन बाद प्रधानमंत्री को दूरदर्शन पर मन की बात करने का अवसर देती।

आपको याद हो या न हो लेकिन आपातकाल में फिल्मों और रचनात्मक अभिव्यक्ति को लेकर तत्कालीन सरकार के रवैए की वजह से तब के सूचना मंत्री विद्याचरण शुक्ल को बाद में बहुत कुछ भुगतना पड़ा था। अच्छी बात ये है कि अनुराग ठाकुर कांग्रेस के विद्याचरण शुक्ल नहीं हैं ।वे मोदी जी की नाक का बाल होते तो मुमकिन है कि उनके स्वर में रचनात्मकता को लेकर जो अनुराग दिखाई दे रहा है वो शायद न होता।

अनुराग ठाकुर का व्यवहार एक मंत्री के रूप में बदलता रहता है ।शाहीन बाग आंदोलन के समय अनशनकारियों पर गोली चलाने की हिमायत करने वाले अनुराग और आज के अनुराग ठाकुर में जो भेद है,वो स्थाई नहीं है। मुमकिन है उन्हें कल फिर मोहन भागवत की बोली बोलना पड़े। लेकिन आज के अनुराग ठाकुर एक उम्मीद बंधाते हैं। हमें उम्मीद करना चाहिए कि फिल्मों, वृत्तचित्रों को लेकर सरकार का रुख बदलेगा। सरकार देख चुकी है दि कश्मीर फाइल बनाने वाले लोग भी किसी काम के नहीं निकले। फिल्मों से मनोरंजन हो सकता है किंतु न किसी की छवि बनाई जा सकती है और न बिगाड़ी जा सकती है। इनसे डरने का मतलब है कि '- चोर की दाढ़ी में तिनका है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## विकास यात्राओं की तैयारियों को लेकर कसरावद जनपद में हुई बैठक

खरगोन ।। 5फरवरी से जिले में प्रारम्भ होने वाली विकास यात्रा की तैयारियों को लेकर कसरावद जनपद सीईओ श्रीमती मीना झा ने सरपंच सचिव, रोजगार सहायक, एडीओ, पीसीओ और अन्य ग्रामीण अमले के साथ बैठक की। बैठक के दौरान सीईओ श्रीमती झा ने विकास यात्रा की रूपरेखा व प्रावधानों से भी अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि 5फरवरी से 25 फरवरी तक जिले में विकास यात्राओं के दौरान संचालित की जाने वाली गतिविधियों में ग्राम व वार्ड के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण के कार्य किए जाएंगे। वहीं विभिन्न योजनाओं के ऐसे पात्र हितग्राही जिन्हें हाल ही में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान अंतर्गत योजना का लाभ प्राप्त हुआ है उन्हें हितलाभ का वितरण भी होगा।

## परिवहन विभाग द्वारा सिहाड़ा मूंदी रोड पर अवैध संचालित वाहनों के विरूद्ध की कार्यवाही

खण्डवा। परिवहन विभाग द्वारा अवैध संचालित वाहनों के विरूद्ध संयुक्त रूप से कार्यवाही की जा रही है। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री जगदीश बिल्लौरे ने बताया कि सोमवार को सिहाड़ा मूंदी रोड पर संचालित अवैध वाहनों पर कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 के तहत 3 यात्री बसों पर कार्यवाही करते हुये ओव्हरलोड, पीयूसी, चालक/परिचालक के वर्दी नहीं पहनने, नेम प्लेट नहीं लगाने के तहत उनसे कुल 14 हजार 500 रूपये शमन शुल्क वसूल किया गया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा 3 भारवाही, 1 पिकअप व 1 टाटा एसपीयूसी पर अन्य धाराओं में कार्यवाही करते हुये 8 हजार 500 रूपये शमन शुल्क वसूल किया गया। इस प्रकार कुल 8 अवैध संचालित वाहनों पर कार्यवाही करते हुये उनसे 23 हजार रूपये शमन शुल्क वसूल किया गया।

## सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई

खण्डवा । सर्जन सिविल सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक कार्यालय जिला चिकित्सालय खंडवा में लंबे समय से कार्यरत श्री जगन्नाथ यादव चतुर्थ श्रेणी के सेवानिवृत्ति होने पर उन्हें स्टॉफ द्वारा ससम्मान विदाई दी गई। सिविल सर्जन डॉ. ओ.पी. जुगतावत, आर.एम.ओ. डॉ. अनिरुद्ध कौशल, डॉ. राकेश रेवारी द्वारा उन्हें शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. जुगतावत द्वारा उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि व्यक्ति शासकीय सेवा में रहते हुए अपने परिवार को समय नहीं दे पाता है, क्योंकि हर व्यक्ति शासकीय नियमों में बंधे होते हैं लेकिन सेवानिवृत्ति के बाद व्यक्ति शासकीय जिम्मेदारियों से फ्री हो जाता है। यह कहते हुए अब बाकी समय अपने बच्चे एवं परिवार के साथ में खुशी से बिताए एवं वहां दीर्घायु हो यही शुभकामनाएं देते हुए उन्हें विदाई दी गई। कार्यक्रम का संचालन सहायक अधीक्षक श्री संतोष मोकले द्वारा किया गया।

## पद्मभूषण कर्नल ढिल्लन की पुण्यतिथि 6 को मनाई जाएगी

शिवपुरी -प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, आज़ाद हिंद फ़ौज के सिपाही एवं सुभाषचन्द्र बोस के विशेष सहयोगी रहे पद्मभूषण स्व. कर्नल जी.एस.ढिल्लन की 17 वीं पुण्यतिथि 6 फरवरी 2023 को तहसील शिवपुरी के ग्राम हातोद में प्रतिवर्ष की भांति गरिमापूर्ण तरीके से मनाई जाएगी।कलेक्टर द्वारा कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व ) शिवपुरी को संपूर्ण कार्यक्रम का नोडल अधिकारी एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा तहसीलदार शिवपुरी को सहयोगी अधिकारी नियुक्त किया है।

## मानव सेवा की सच्ची भक्ति बड़ौदा अनुभूति

रतलाम 7 बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा गणतंत्र दिवस की पावन वेला पर बडौदा अनुभूति कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्रीय प्रमुख सुबोध इनामदार के मार्गदर्शन में रक्तदान शिविर का आयोजन क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में किया गया। मानव सेवा के सच्चे यज्ञ में साथ दिया रोटरी क्लब रतलाम सेंट्रल ने। सेवा की इस भक्ति में 25 रक्तदान ने अपने रक्त का अर्पण देश सेवा के नाम पर किया इस अवसर पर संबोधित करते हुए। उप क्षेत्रीय प्रमुख अम्बर जोशी ने कहा कि देश सेवा और मानव सेवा के अपने कर्तव्य से बैंक ऑफ बड़ौदा सदैव तत्पर रहा है । रोटरी क्लब जैसी सेवार्थ संस्थाओं का सहयोग मिलने से राष्ट्रभक्ति और मानव सेवा की अनुभूति प्रबल हो जाती है इस अवसर पर रोटरी क्लब रतलाम सेंट्रल के अध्यक्ष मुकेश शुक्ला, अश्विनी शर्मा, संदीप पीपाड़ा, बैंक के उप क्षेत्रीय प्रमुख अंबर जोशी, मुख्य प्रबंधक श्रीकांत गर्ग, प्रबंधक एचआर , गुप्ता एवं नवीन प्रजापति तथा ग्राहक ,स्टाफ सदस्य व रोटेरियन बड़ी तादाद में मौजूद रहे। एचआर प्रमुख गुप्ता ने सभी का आभार माना।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा प्रदेश सह संयोजक ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

## डबल इंजन की सरकार बिजली, पानी, चिकित्सा, सड़क प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभा रही है



सिरोंज। भारतीय जनता पार्टी स्वच्छ भारत अभियान के प्रदेश सह संयोजक चंद्रशेखर रघुवंशी ने मंगलवार को एक दर्जन से अधिक गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से चर्चा कर उनका हालचाल जाना। क्षेत्र के ग्राम रतनबर्री, रूपदाखेड़ी, मोहनपुरा, रहीमपुर, विश्रामपुर, करईखेड़ा आदि ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही भागवत कथा श्रद्धांजलि सभा सहित अन्य आयोजनों में शामिल होकर लोगों से रूबरू हुए। इस दौरान ग्रामीणों ने भी चंद्रशेखर रघुवंशी का हार फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। रघुवंशी ने ग्रामीण क्षेत्रों में एकत्रित ग्रामीणजनों को भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही किसान हितैशी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि मप्र सरकार किसानों के कल्याण हेतु अनेक योजनाऐं संचालित कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों को विकास से जोड़ा जा रहा है, ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाऐं प्रदान करने हेतु हमारी सरकार कृत संकल्पित है। किसानों की उपज सरकार द्वारा खरीदी जा रही है। उनकी फसल का पूरा दाम दिलाया जा रहा है। गरीब किसानों को आसान ऋणों पर जीरों प्रतिशत ब्याज पर कृषि हेतु ऋण उपलब्ध कराये जा रहे हैं। गांव को 24 घंटे बिजली प्रदान की जा रही है। जिन दूरस्त ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत की कमी थी, उन क्षेत्रों को अटल ज्योति योजना से जोड़कर उन्हें भी विद्युत व्यवस्था से जोड़ा जा रहा है। हर बड़े ग्राम में प्रधानमंत्री सड़क योजना के माध्यम से सड़क निर्माण कराये जा रहे हैं। पीने के पानी की जिन क्षेत्रों में कमी है, वहां पर शासन द्वारा बोर लगाने का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इसके अलावा हर घर नल जल योजना के तहत मुफ्त में पानी पहुंचाने का काम सरकार कर रही है। डबल इंजन की सरकार बिजली, पानी, चिकित्सा, सड़क प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभा रही है। अबकी बार मप्र में भाजपा दो सौ सीटों का आंकड़ा पार करेगी। क्योंकि वर्तमान सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सामूहिक कन्याओं के विवाह कराये जा रहे हैं। युवाओं को रोजगार प्रदान किया जा रहा हैं। कर्मचारियों को नियमित किया जा रहा है। गरीब वर्ग को एक रुपए दाम पर राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। गरीब बेटे बेटियों को मुफ्त शिक्षा प्रदान की जा रही है। इस दौरान ग्रामीणों ने भी उनका खूब स्वागत सम्मान व सत्कार किया। उनके काफिले में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गुलाबबाई स्मृति शिक्षा महाविद्यालय के छात्रों ने किया एक दिवसीय कार्यक्रम



बोरावां।, गुलाब बाई यादव स्मृति शिक्षा महाविद्यालय बोरावां के बी.एड. एवं एम.एड. के छात्रों का निमाड़ अभ्युदय रूरल मेनेजमेंट एवं डेवलपमेंट एसोसिएशन, लेपा में एक दिवसीय इंटर्नशिप का आयोजन किया गया । इंटर्नशिप के दौरान छात्रों को व्यावसायिक प्रशिक्षण संबंधी जानकारी जैसे- जैविक कृषि, शिक्षण क्राफ्ट सामग्री तैयार करना तथा शिक्षा के साथ बुनियादी प्रशिक्षण पर जानकारी प्रदान की गयी। शिक्षा महाविद्यालय के छात्रों नें रामकृष्ण शारदा निकेतन का भी भ्रमण किया तथा विद्यालय में पढ़ रहे वनवासी छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ दी जाने वाली व्यावसायिक कौशल शिक्षा का भी निरीक्षण किया।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया की बी.एड. एवं एम.एड. के छात्रों को राष्टीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षण-प्रशिक्षण के साथ व्यावसायिक कौशल भी दिया जाना है। अतः हमारी संस्था द्वारा भी अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को इस पहल के माध्यम से बुनियादी शिक्षा संबंधी प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे छात्र शिक्षक बनने के बाद विद्यालयों में छात्रों को रोजगार प्रशिक्षण प्रदान कर उनका कौशल विकास भी कर सकेंगे ।

## शहर हित में नए आयुक्त लें ठोस निर्णय



खंडवा द्य नगर निगम अंतर्गत शहर अव्यवस्थाओं का शहर बनता जा रहा है जहां एक और सड़कों पर आवारा जानवरों का कब्जा तो वही टूटे हुए डिवाइडर शहर की सुंदरता को दाग लगा रहे हैं द्य शिवसेना प्रमुख गणेश भावसार ने बताया कि खंडवा जिला अस्पताल के मुख्य गेट पर ही अतिक्रमणकारियों का कब्जा बरकरार है द्य इन्हें हटाने के लिए पूर्व में काफी कोशिशें की गई लेकिन कोशिशें फेल हो गई द्य इधर बात करें घासपुरा उर्दू स्कूल की तो यहां पर तो स्कूल को ही गैरेज बना दिया गया है द्य श्री भावसार ने आगे कहा कि यह वही स्कूल है जहां पर स्वर्गीय किशोरी लाल वर्मा पढ़कर निकले और प्रदेश के शिक्षा मंत्री के पद पर आसीन हुए द्य लेकिन यह स्कूल अब ऑटो गैरेज के नाम से प्रसिद्ध है द्य अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई अगर होती भी है तो उससे पहले ही इन्हें खबर मिल जाती है द्य यही वजह है कि दिखावे के लिए कभी कभार कार्रवाई कर इतिश्री कर दी जाती है द्य इस वजह से अब निगम का अतिक्रमण दस्ता संदेह के दायरे में आ चुका है ? अब नए आयुक्त नीलेश दुबे से ही कुछ उम्मीदें हैं कि वे शहर हित में कुछ ठोस निर्णय लेकर शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाएंगे द्य

## तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ समापन

शिवपुरी - शिवपुरी शहर के तात्याटोपे खेल मैदान (पोलोग्राउंड) में चल रही तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का सोमवार को फाइनल के साथ ही समापन हो गया। फाइनल में ग्वालियर की टीम ने मुरैना को हराकर विजेता की ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। समापन कार्यकम के मुख्य अतिथि आईटीबीपी शिवपुरी के कमांडेंट मनोज सचान मौजूद रहे।




मातृभूमि युगनिर्माण सेवा समिति की ओर से कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन बीते 28 जनवरी से शुरू हुआ, जिसमें मुरैना जिला, मुरैना कारपोरेशन, ग्वालियर जिला, भिंड जिला, भिंड कारपोरेशन, जीएसडब्ल्यूवाई शिवपुरी स्टेडियम, ठकुरपुरा, नरवर, करैरा लंगूरी, गुना, बैराड़ शिवपुरी की टीमों के बीच लीग मैच खेले गए। इन मैचों में अपनी प्रतिद्वंदी टीमों को हराकर ग्वालियर, मुरैना व भिंड की टीमें सेमीफाइनल में पहुंचीं। सेमीफाइनल के बाद फाइनल में पहुंची ग्वालियर व मुरैना की टीमों के बीच फाइनल मुकाबला हुआ, जिसमें ग्वालियर ने मुरैना को 19-35 के अंतर यानि 16 प्वाइंट से मुकाबला जीत लिया। इस तरह विजेता ग्वालियर एवं उपविजेता मुरैना की टीम रही। वहीं नियमानुसार सेमीफाइनल में जीतने वाली भिंड जिला एवं भिंड कारपोरेशन को क्रमश~ तीसरा व चौथा स्थान मिला। यहां ग्वालियर की विजेता टीम को 31 हजार रुपए व ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता मुरैना टीम को 21 हजार रुपए व ट्रॉफी दी गई। तीसरे व चोथे नंबर पर रही टीमों को 5500-5500 रुपए की राशि दी गई। पुरुस्कार प्रदान करने वालों में अवधेश शिवहरे, सचिदानंद गिरी गोस्वामी,नम्रता गौतम जेसीआई अध्यक्ष, सिद्धांत सिंह सेंगर, केसर सिंह गुरुद्वारा प्रबंध समिति के पदाधिकारी और साथ ही गुरुसेवक रंधावा वीरेंद्र माझी प्रफुल्ल सोनी ,जितेंद्र मांझी दीपक कुमार ,गौरव शर्मा ,देवेंद्र माहोर रिंकू शाक्य, रितेश पाराशर भी मौजूद रहे।

### एसडीएम को उत्कृष्ट कार्यों में मिला प्रशस्ति पत्र, कम समय में कार्य के दम पर बनाई पहचान



बरेली। गणतंत्र दिवस पर जिला मुख्यालय रायसेन में आयोजित मुख्य समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को कैबिनेट मंत्री प्रभुराम चौधरी, कलेक्टर अरबिंद दुबे व एसपी विकाश सहवाल द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बरेली अनुभवा के एसडीएम मुकेश सिंह को विभागीय कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मान मिला आपको बता दें कि मुकेश सिंह को कम समय ही हुआ है बरेली अनुविभाग की बागडोर संभालते हुए कम समय में संवेदनशीलता कार्यप्रणाली के दम पर सिंह ने बरेली अनुविभाग में अपनी अगल पहचान कायम की है एसडीएम को प्रशंसक पत्र मिलने पर अनुविभाग के प्रशासनिक महत्व में खुशी का माहौल छाया हुआ है एसडीओपी राजीव जागले,तहसीलदार निकिता तिवारी,थाना प्रभारी आशीष सप्रे, तहसीलदार नांगवशी,नायव तहसीलदार छोटे गिरी गौस्वामी उदयपुरा देवरी और बाड़ी तहसीलदार ने एसडीएम को बधाई दी ।

## खेल महोत्सव में विद्यार्थी दिखा रहे विभिन्न विधाओं में हुनर

### पं. बीपी दीक्षित की स्मृति में खेल महोत्सव का आयोजन

छतरपुर। शहर के वीरांगना अवंतीबाई स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे पं. बीपी दीक्षित स्मृति खेल महोत्सव में वीरांगना अंवतीबाई ग्रुप ऑफ कॉलेज के विभिन्न महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी विभिन्न खेलों में अपने कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। मंगलवार को संपन्न हुई हंड्रेड मीटर दौड़ स्पर्धा में महिला वर्ग में कु. ज्योति साहू प्रथम, उर्मिला अहिरवार द्वितीय, संगीता पटेल तृतीय स्थान पर रहीं। इसी तरह पुरूष वर्ग की 100 मीटर रेस में आस्तिक तिवारी ने सबसे तेज दौडक़र प्रथम स्थान प्राप्त किया। हंड्रेड मीटर दौड़ में अजय अहिरवार द्वितीय एवं अभय अहिरवार तीसरे स्थान पर रहे। इसी तरह दो सौ मीटर दौड़ में विधि संकाय से अजय शर्मा प्रथम, दीपेंद्र यादव द्वितीय एवं राजेंद्र कुशवाहा ने तीसरा स्थान हासिल किया। व्हीएव्ही ग्रुप ऑफ कॉलेज के डायरेक्टर अशोक दीक्षित के मार्गदर्शन में संचालित हो रहे खेल महोत्सव में सभी प्रोफेसर्स प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने में सहयोग प्रदान कर रहे हैं। इस दौरान क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, ब्हालीवॉल, बैडमिंटन, कैरम व चैस की प्रतियोगिताओं में वीरांगना अवंतीबाई महाविद्यालय, विधि महाविद्यालय, नर्सिंग कॉलेज, शिक्षा महाविद्यालय, बालाजी कॉलेज नौगांव, पंडित देवप्रभाकर शास्त्री इंजीनियरिंग कॉलेज, बीपी दीक्षित शिक्षा महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उत्साह से भाग ले रहे हैं। खेल महोत्सव का समापन आगामी 5 फरवरी को अव्वल प्रतिभागियों और टीमों को पुरस्कार वितरण के साथ किया जाएगा।



# जमीन के नक्शे में कोई कूटरचना नहीं की, इसलिए पूर्व विधायक सहित 8 लोगों को न्यायालय ने किया बरी

## शाजापुर का 12 साल पुराना बहुचर्चित जमीन का मामला, एमपी एमएलए कोर्ट ने दिया निर्णय

शाजापुर, ( योगेन्द्र आचार्य)/ शाजापुर का सबसे चर्चित और बहुप्रतिक्षित एबी रोड जमीन मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित एमपी, एमएलए स्पेशल कोर्ट ने पूर्व विधायक सहित 8 लोगों को दोषमुक्त करते हुए अपने निर्णय में लिखा कि जमीन में कोई कूटरचना नहीं हुई, इसलिए सभी अभियुक्तों को दोषमुक्त किया जाता है.

गौरतलब है कि शाजापुर में एबी रोड पर स्थित भूखंड विक्रेता अंशुल जैन, अपूर्वा जैन और पुखराज जैन ने यह भूखंड शाजापुर के पूर्व विधायक अरुण भीमावद, दीपक भीमावद, दीपक चौहान, मनोज पुरोहित, माणक तिलगोता को बेचा था. भूखंड की चर्तुसीमा को लेकर एक निजी परिवाद विघ्नसंतोषी और राजनीतिक द्वेषता के कारण ब्रह्मानंद चौधरी ने न्यायालय में दायर किया था, जिस पर न्यायालय ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया था. क्योंकि अरुण भीमावद इस दौरान चुनाव जीतकर विधायक बन गए थे, इसलिए यह पूरा मामला सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित स्पेशल एमपी, एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित किया गया था. 12 साल से लगातार यह केस भोपाल स्पेशल कोर्ट के बाद इंदौर स्पेशल कोर्ट स्थानांतरित किया गया. इस मामले में परिवादी ब्रह्मानंद चौधरी की तरफ से अब्दुल रशीद अंसारी, इरशाद एहमद, नासिर अंसारी, अब्दुल वहीद अंसारी के बयान दर्ज हुए, तो वहीं शाजापुर के तत्कालीन थाना प्रभारी सलीम खान और भू अभिलेख के अखिलेश मालवीय और तत्कालीन पटवारी मुकेश वत्स और पंजीयन कार्यालय के बलराम कुंभकार के बयान दर्ज किए गए. वहीं अभियुक्तों की तरफ से बचाव पक्ष में आशीष नागर ने अपने बयान दिए. 11 साल से अधिक समय तक यह केस शाजापुर की राजनीति के साथ-साथ प्रदेश स्तर पर भी बहुचर्चित रहा है. अधिवक्ता विकास राठी द्वारा की गई तार्किक बहस और जमीन को लेकर प्रस्तुत किए गए प्रमाणों के आधार पर न्यायालय 22वें अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए श्री मुकेश नाथ ने 76 बिंदुओं वाले 28 पेज का निर्णय सुनाया. जिसमें माननीय न्यायाधीश ने माना कि विक्रय पत्र में गलत चर्तुसीमा उल्लेखित करना कूटरचना की श्रेणी में नही आता है बल्कि एक सिविल अपकृत्य होकर सिविल विवाद की श्रेणी में आता है. इस संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने पूर्व में ही उल्लेखित मो. इब्राहिम बाले न्याय दृष्टांत में दिए हैं. कूटरचना प्रमाणित नहीं होता है और धारा 465, 467, 468, 471, 475 अपराध के तथ्य भी आकर्षित नहीं होते हैं. अभियुक्तगणों द्वारा कूटरचना करने के किसी भी प्रकार का अपराधिक षडयंत्र किया जाना प्रकट नहीं होता है. विश्लेषण के आधार पर अभियोजन अभियुक्तगण के विरूद्ध धारा 420, 465, 467, 468, 471, 475, 120 बी के अपराध प्रमाणित करने में असफल रहा. इस कारण सभी अभियुक्तगणों को सभी धाराओं में दोषमुक्त किया जाता है.



### परिवादी ने जो आरोप लगाया था, वो न्यायालय में नहीं हुआ सिद्ध

एबी रोड पर विक्रय की गई जमीन को लेकर परिवादी ब्रह्मानंद चौधरी ने निजी परिवाद न्यायालय में लगाया था, जिसमें उन्होंने कूटरचना कर पीछे की जमीन को आगे बताकर जमीन खरीदी है, इसे लेकर न्यायालय में परिवाद विभिन्न धाराओं में दर्ज कराया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित स्पेशल एमपी एमएलए कोर्ट में ब्रह्मानंद चौधरी के आरोप न्यायालय में सिद्ध नहीं कर पाए और न्यायालय ने विक्रेता-क्रेता सहित सभी 8 अभियुक्तों को दोषमुक्त कर दिया. शाजापुर का सबसे चर्चित यह जमीन का मामला प्रदेश स्तर पर भी काफी चर्चित रहा है. क्योंकि राजनीतिक द्वेषता के कारण यह परिवाद दायर किया गया था, लेकिन आखिर में न्यायालय में सभी को न्याय मिला.

## अपराधिक नहीं सिविल का था मामला...

एमपी एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश श्री मुकेश नाथ ने अपने निर्णय में बिंदू क्रमांक 70 में स्पष्ट आदेशित किया है कि यह मामला गलत चर्तुसीमा का था और चर्तुसीमा उल्लेखित करना कूटरचना की श्रेणी में नहीं आता है, बल्कि यह सिविल विवाद की श्रेणी में आता है. माननीय न्यायालय के विद्वान न्यायाधीश ने बिंदू क्रमांक 69 में यह उल्लेख किया है कि अभियुक्तगणों ने आज दिनांक तक उस भूमि पर कोई आधिपत्य प्राप्त नहीं किया है और ना ही परिवादी या अन्य किसी व्यक्ति से आधिपत्य प्राप्त करने का प्रयास किया है. परिवादी एवं अन्य साक्षीगण उनके निर्धारित भूखंडपर शुरू से आज तक काबिज हैं और उनके कब्जे में कोई हस्तक्षेप नहीं हुआ है. इसलिए प्रश्नगत विक्रय संवव्यवहार से अभियुक्तगणों को कोई वास्तवित सदोष लाभ नहीं हुआ है तथा परिवादी या किसी अन्य व्यक्ति को कोई सदोष हानि पहुंचाना भी परीलक्षित नहीं होता है. प्रकरण में अवश्य प्रकट होता है कि अभियुक्तगणों ने सदोष लाभ प्राप्त करने के आशय से कथित विक्रय पत्र में विक्रय किए गए भाग की भूमि की गलत चर्तुसीमा का उल्लेख किया है, किंतु विक्रय पत्र में गलत चर्तुसीमा उल्लेखित करना कूटरचना की श्रेणी में नहीं आता है.

### इनका कहना है...

मेरी राजनीतिक छवि खराब करने के उद्देश्य से मेरे विरूद्ध षडयंत्र कर न्यायालय में परिवाद दायर किया गया था, जिसका लंबे समय तक मीडिया ट्रायल कराया गया. तथाकथित समाचार पत्र द्वारा मेरी छवि को खराब करने का प्रयास किया गया, लेकिन हमें न्यायालय के न्याय पर भरोसा था. आखिरकार सत्य की जीत हुई. न्यायालय के निर्णय से उन तथाकथित लोगों को जवाब मिल गया है.

– अरुण भीमावद, पूर्व विधायक-शाजापुर

## भ्रष्ट सरपंच सलाखों के पीछे, 5 साल की कठोर कैद, 25 हजार का जुर्माना

छतरपुर। मध्यान्ह भोजन का भुगतान करने के एवज में सरपंच ने रिश्वत की मांग की थी। लोकायुक्त पुलिस ने सरपंच को रंगे हाथो पकड़ा था। इस मामले में कोर्ट ने आरोपी सरपंच को पांच साल की कठोर कैद के साथ 25 हजार रुपए के जुर्माना की सजा सुनाई है। फैसला सुनाने के बाद कोर्ट ने भ्रष्ट सरपंच को जेल भेज दिया है। एडवोकेट लखन राजपूत ने बताया कि फरियादी विनोद कुमार पटेल ने 04 अगस्त 2016 को लोकायुक्त पुलिस सागर को इस आशय की शिकायत की थी कि वह माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला बनगांय में गणेश जू महिला स्वसहायता समूह के नाम से मध्यान्ह भोजन चलाता है। जिसका एक लाख 23 हजार 470 रुपए का भुगतान करने के लिए जिला पंचायत सीईओ द्वारा सरपंच सचिव को आदेश दिया गया था। इस राशि के भुगतान करने के एवज में मलखान पटेल सरपंच बनगांय के द्वारा 20 हजार रुपए रिश्वत मांगी जा रही है। फरियादी उसे रंगे हाथो पकड़वाना चाहता है। 05 अगस्त को लोकायुक्त पुलिस ने विनोद को वाईस रिकॉर्डर देकर सरपंच की रिश्वत संबंधी बातो को रिकार्ड कराया और इसी बात चीत के दौरान सरपंच मलखान ने 16 हजार रुपए रिश्वत मांगी, जिसमें से 6 हजार रुपए विनोद ने सरपंच को दे दिये और बांकि 10 हजार रुपए 08 अगस्त 2016 को देने की बात हुई। 08 अगस्त को ट्रेपदल के साथ विनोद पटेल जनपंद पंचायत कार्यालय छतरपुर पहुंचा और विनोद ने रिश्वत की राशि 10 हजार रुपए मलखान को देने के बाद ट्रेप दल को इशारा किया। ट्रेप दल ने कार्यालय के अंदर आकर सरपंच मलखान को रंगे हाथो पकड़ा।

RAJDEEP GLOBAL INSTITUTE OF MANAGEMENT
(APPROVED BY AICTE, NEW DELHI AND AFFILIATED TO BU, BHOPAL)
TUMDA ROAD, NEAR DORAHA JOD, Bhopal - 462030
Web: www.rgim.in
APPOINTMENT
UNDER COLLEGE CODE 28 FOR MBA (FULL-TIME)
• Director • Professor
• Associate Professor • Asst. Professor
Qualification and pay as per AICTE norms and experience.
The application with Bio-data should reach the above address or email id within 10 days.
Director
RGIM,Bhopal

## मजदूरी कार्ड के नवीनीकरण किये जाने मांग की



**छिन्दवाड़ा ।** नगर पालिक निगमायुक्त राहुल सिंह ने जन सुनवाई में लोगो की समस्या सुनी। जनसुनवाई में दुकानों के आसपास अतिक्रमण हटाये जाने एवं आनन्दम सिटी कालोनी में छत मरम्मत, विद्यासागर रेसीडेंसी में मूलभूत सुविधाओं संबंधित एवं मजदूरी कार्ड के नवीनीकरण किये जाने के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान कुल सात आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई के दौरान प्रभारी कार्यपालन यंत्री भूपेंद्र मनवारे सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध शराब बेचने वालों की हुई धरपकड़

**अमरवाड़ा ।** अमरवाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम जुंगावनी निवासी जयकुमार के पास से 32 पाव देसी शराब एवं मसाला शराब वही ग्राम नहेरिया निवासी नीतू 6 लीटर कच्ची महुआ की शराब ग्राम हिरी मुकसा निवासी प्रेम नारायण के पास से 17 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई वही ग्राम लछुआ निवासी राकेश के पास से 6 लीटर कच्ची शराब ग्राम नहेरिया के पास कच्ची महुआ की शराब वही ग्राम जमुनिया निवासी शनद लाल के पास से 6 लीटर तथा उर्मिला और स्मिता के पास से 6-, 6 लीटर कच्ची महुआ की शराब पकड़ने में सहायक उपनिरीक्षक केके बघेल सहायक उपनिरीक्षक दिलीप यादव प्रधान आरक्षक अकाश मालवीय प्रधान आरक्षक इंद्रजीत ने अलग-अलग ग्रामों में अवैध शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम 34 मैं प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

## श्रीमती संध्या महिला कांग्रेस सिंगोड़ी ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त

**छिन्दवाड़ा ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व जिले के सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार महिला कांग्रेस में नियुक्ति की गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे से चर्चा के उपरांत जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती किरण चौधरी के द्वारा श्रीमती संध्या अशोक चन्द्रवंशी को महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सिंगोड़ी मनोनीत किया है।

## हेमंत चांद बने वायएमसीए सेंटर इंडिया रीजन के कोषाध्यक्ष

**छिंदवाड़ा ।** वायएमसीए सेंट्रल इंडिया रीजन के चुनाव भोपाल में संपन्न हुए जिसमें मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ के सभी जिले एवं विदर्भ के 11 जिले शामिल हुये । कोषाध्यक्ष पद के लिए श्री हेमंत चांद निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए चेयरमैन पद के लिये डॉक्टर अक्षय कुमार धन्यवाद भोपाल से निर्वाचित हुए श्रीमती शिखा याकूब वॉइस चेयर पर्सन के लिये सागर से निर्वाचित हुई। मध्य प्रदेश ईस्ट सब रीजन के चेयरमैन जेम्स कुट्टप्पन भोपाल निर्वाचित घोषित किए गए छत्तीसगढ सब रीजन चेयरमैन के लिए आशीष युसूफ राजनांदगांव निर्वाचित घोषित किए गए। सभी निर्वाचित सदस्यों को नेशनल वायएम सीए के चेयर पर्सन न्यायधीश कोसी ने बधाइयां प्रेषित की।

## शिक्षित बेरोजगार शैलेंद्र भादे बने युवा उद्यमी

**छिन्दवाड़ा ।** हर जरूरतमंद को अपना पक्का आवास, अन्नपूर्णा योजना से राशन, नि:शुल्क शिक्षा, आयुष्मान योजना से स्वास्थ्य कवच देने के साथ ही राज्य शासन हर हाथ को काम देने के लिए वचनबध्द है।



इस दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। शासकीय नियुक्तियां निकालने के साथ ही शिक्षित बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर और दूसरों को भी रोजगार देने वाला बनाया जा रहा है जिसमें मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना वरदान साबित हो रही है। छिंदवाड़ा जिले के मोहखेड़ विकासखंड के ग्राम कामठी के श्री शैलेश भादे भी उन्हीं शिक्षित बेरोजगारों में से एक हैं, जिनके जीवन में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना मील का पत्थर साबित हुई है और स्वरोजगार से जुड़कर उनके जीवन स्तर में आए सकारात्मक बदलाव स्पष्ट दिखने लगे हैं। श्री भादे उद्यम क्रांति योजना से लाभान्वित होने पर राज्य शासन, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र और भारतीय स्टेट बैंक की कामठी शाखा के मैनेजर को धन्यवाद देते हैं।

## परिणय सूत्र के बंधन में बंधे वर-बधू, एक दूजे के हुए 133 जोड़े



**छिंदवाड़ा/हर्रई ।** हर्रई नगर के मॉडल स्कूल में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 133 जोड़े ने एक दूसरे का दामन थामा।कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ ओर माला पहनाकर स्वागत किया गया।कार्यक्रम में बाराती पक्ष से 133 दूल्हे बैंड बाजे ओर पटाखे के साथ आतिशबाजी करते हुए मॉडल स्कूल हर्रई पहुचे जहा पर तिलक लगाकर सभी बारातियो का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में वर बधुओं ने एक दूसरे को माला पहनाया ओर वर-वधुओं को मंडप में पंडित द्वारा सात फेरे कराने के साथ ही सात वचन भी दिलाए गए वर-वधु ने भी एक दूसरे का जीवन भर साथ निभाने और एक दूसरे की भावनाओं का ख्याल रखने का वचन दिया। तीर्थ, व्रत में वाम भाग में स्थान देने, माता पिता का सम्मान, युवा, प्रौढ और वृद्धा अवस्था में साथ निभाने जैसे वचन एक दूसरे ने किए।

**दोनों पक्षों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई**

इस सम्मेलन में जिन जोड़ों के विवाह आयोजित किए गए उन्हें शासन कि ओर से 11 हजार के नगदी चेक दिए गए एवं 38 हजार रुपए की गृहस्थी की सामग्री उपहार के रूप में दी गई। इसमें एलईडी टीवी पलंग, बिस्तर, टेबल फैन,गोदरेज, बर्तन सहित अन्य उपहार सामग्री दी गई। जनपद कि ओर से करीब 10 अलग-अलग काउंटर बनाए गए। इन काउंटरों से विवाह वाले जोड़ों को सामग्री प्रदान की गई।

# स्वाभिमान यात्रा में उमड़ी हजारों की भीड़

### भाजपा नेताओं ने कहा कमलनाथ और कांग्रेस ने जनता के साथ छलावा किया






**छिंदवाड़ा ।** विकासखंड के ग्राम कुंडा से चौरई तक भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूर्व विधायक पं रमेश दुबे के संयोजन जिलाध्यक्ष विवेक साहू व जिले के प्रमुख भाजपा नेताओं की अगुवाई विस के मुख्य लोगों की मौजूदगी में छिंदवाड़ा स्वाभिमान यात्रा निकाली गई भाजपा चौरई द्वारा आयोजित 10 किमी लंबी छिंदवाड़ा स्वाभिमान पदयात्रा में करीब 9 से 10 हजार से अधिक लोगो ने हाथो में भाजपा का झंडा लहराते हुए यह स्वाभिमान पदयात्रा पूरी की यात्रा मार्ग में ग्रामीणों ने यात्रियों पर पुष्प वर्षा करते हुए ढोल बाजे के साथ आत्मीय स्वागत किया सभा स्थल पर जिले के लिए तैयार विशेष वर्गगीत प्रस्तुत किया गया अपने सम्बोधन में चौरई के पूर्व विधायक पं रमेश दुबे ने कहा की कांग्रेस और कमलनाथ ने सिर्फ छिंदवाड़ा की जनता के साथ छलावा किया चौरई और छिंदवाड़ा का सम्पूर्ण विकास भाजपा सरकार के कार्यकाल में हुआ है कांग्रेस सिर्फ श्रेय लेने में आगे रही है कांग्रेस ने झूठे वचन पत्र के सहारे सत्ता तो पाई थी लेकिन वचनों को पूरा नहीं किया हर वर्ग परेशान रहा दुबे ने कहा की कांग्रेस की 15 महीने की सरकार ने ना किसानों की कर्जमाफी की न युवाओं को भत्ता दिया न महिलाओं के लिए कोई योजना लाई कमलनाथ ने तो जनहितैषी योजनाओं को बन्द कर दिया था जबकि भाजपा ने कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं क्षेत्र में माचागोरा बांध का निर्माण कराया हैं माचागोरा बांध ने आज चौरई के किसानों की तकदीर बदल दी है जिससे गांव गांव में खेतो में हरियाली लहरा रही है इसका भी झूठा श्रेय कमलनाथ लेते हैं चौरई,चांद,बिछुआ, खमारपानी सड़क सहित निर्माणाधीन चौरई से कुंडा, बंडोल सड़क और अन्य कई सौगातें भाजपा सरकार की देन है भाजपा सरकार जन हितैषी कार्य करती है

**भाजपा की योजनाओं का ले रहे श्रेय**

यात्रा में जिला भाजपा अध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने कहा की कमलनाथ और उनके सांसद पुत्र ने सिर्फ छिंदवाड़ा जिले की जनता को झूठे वादे करके छलने और झूठ बोलने की राजनीति की है छिंदवाड़ा को विकास माडल भाजपा सरकार ने बनाया है पिता पुत्र ने छिंदवाड़ा को पॉलिटिकल फैक्ट्री बना रखा है स्वाभिमान यात्रा का उद्देश्य ही इनके झूठ को उजागर कर कांग्रेस से छिंदवाड़ा को बचाना है भाजपा सरकार की योजनाओं का झूठा श्रेय पिता पुत्र की जोड़ी ले रही है उन्होंने आगामी चुनाव में विधानसभा और लोकसभा में कमल खिलाने का संकल्प दिलाया सभा को अजजा के जिलाध्यक्ष वीरपाल इनवाती ने भी संबोधित किया ।

**पूर्व विधायक ने दिखाया दम,उमड़ी भीड़**

कुंडा से चौरई तक आयोजित छिंदवाड़ा स्वाभिमान यात्रा के जरिए भाजपा के पूर्व विधायक पं रमेश दुबे ने अपनी दमदारी भी दिखाई यात्रा में भाजपा के जिला स्तर के सभी प्रमुख नेता शामिल हुए जबकि हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे कुंडा से चौरई तक वाहनों की कतार और हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं की भीड़ ने भाजपा कार्यकर्ताओं में भविष्य के लिए जोश भरने का संदेश दिया है ।

**ये रहे मौजूद**

भाजपा की स्वाभिमान यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक साहू यात्रा संयोजक पूर्व विधायक पं रमेश दुबे,वरिष्ठ नेता रमेश पोफली,नरेंद्र परमार,शेषराव यादव, नत्थन शाह,चौधरी चन्द्रभान नानाभाऊ मोहोड़,मारोतिराव खवसे,दौलतसिंह ठाकुर,अशोक यादव,अजय चौर, आशीष ठाकुर परमजीत बिज,टीकाराम चन्द्रवंशी,विजय झांझरी,विजय पांडे,गरिमा दामोदर, प्रीती तिवारी, दीपा सुमन सरोज रघुवंशी, पूर्णिमा जैन, शैलकुमारी वर्मा, उत्तम ठाकुर, संदीप मोहोड़, प्रियवर सिंह, वीरपाल इनवाती राहुल मोहोड़, संजय पटेल, अरविन्द राजपूत,रोहित पोफली, अंकुर शुक्ला, अतरलाल वर्मा,सदन साहू, मोहन पाल, राधेश्याम पटेल,जितेंद्र शाह,अनुज पाटकर, मनीष यादव, रामचंद्र बोबड़े, दानसिंग ठाकुर सुरेश शर्मा, कमलेश वर्मा,बब्बी चौरे, गोलू नागरे, कामेंद्र ठाकुर,शैलेंद्र पटेल ।

## रणजी ट्राफी और आईपीएल के खिलाड़ी दिखाएंगे जौहर

### शुक्ला ग्राउण्ड में टी-20 क्रिकेट प्रीमियर लीग आज से, 12 टीमें लेंगी भाग



**छिंदवाड़ा ।** मनोहर मालवीय (फ्रीडम फाईटर) की स्मृति में इंडियन टीम टी 20 क्रिकेट प्रीमियम लीग का रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन आज किया जाएगा प्रतियोगिता का11 वा वर्ष है। आयोजन के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी, उपाध्यक्ष नितिन खंडेलवाल, सचिव संदीप मालवीय ने बताया कि कार्यक्रम दिनांक 1 फरवरी 2023 को दोपहर को प्रारंभ होगा ।प्रतियोगिता में 12 टीमें भाग लेगी । जिसमें दिल्ली, मुम्बई, आगरा, इटावा, लखनउ, रीवा, भोपाल, इन्दौर इत्यादि इन टीमों में रणजी ट्राफी एवं आई पी एल के खिलाड़ी अपने खेल का जौहर दिखाते है इस बार श्री दादा सांई बोरबेल नागपुर, आ.पीएस. परतला रीवा, ब्लेक केप नागपुर, आरकॉन्स जीम खाना, शोर्या क्लब इटावा एवं आगरा, फथ क्लब भोपाल, जगांव (रजनीकांत) वानखेड़े, एल,बी. शास्त्री दिल्ली, मुबई वारियर्स मुम्बई, डीसीए मेरठ, मरेठ, दिल्ली चैलेन्जस दिल्ली, सिवनी बॉयस सिवनी की टीमें लेंगी भाग ।

**जिला भाजपा अध्यक्ष करेंगे मैच का शुभारंभ**

मध्यप्रदेश की पहचान बनी हुई इंडियन टीम टी 20 से हर साल छोटे खिलाड़ी और शहर की जनता का विश्वसनीय टूर्नामेंट कहलाता है । प्रतियोगिता का शुभारंभ 1 फरवरी 2023 को दोपहर 12 बजे से आयोजन के संरक्षक और भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू के नेतृत्व में रंगारंग आगाज के साथ शुभारंभ होगा जिसमें भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शेषराव यादव, नगर मंडल के अध्यक्ष रोहित पोफली, अंकुर शुक्ला, नेता प्रतिपक्ष विजय पांडे, खेल से जुड़े सभी खेल संघों के पदाधिकारी, प्रभारी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे ।

**विजेता टीम को मिलेगा 1 लाख 62 हजार का पुरूकार**

इस प्रतियोगिता में विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन से रजिस्टर्ड एम्पायर मोनिस रामटेके और डिसिल्वा की उपस्थिति में मैच कराये जायेंगे । इस प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 1 लाख 25 हजार, द्वितीय पुरस्कार 65 हजार, मैन ऑफ दा सीरीज 21 हजार, बेस्ट बालर 11 हजार, बेस्ट बेट्समेन 11 हजार, फायनल मैच का मैन ऑफ दा मैच का 5 हजार रूपये एवं प्रत्येक मैच का मैन ऑफ दा मैच 11 सौ रूपये समिति ने तय किया है । हमारा उद्देश्य यह है कि ये टूर्नामेंट देखकर छोटे बच्चे अपने खेल को निखारे।

# एलिट हॉस्पिटल के सफलतम 1 वर्ष पूर्ण

### उपचारित मरीज से केक कटवाकर मनाई खुशी



**छिंदवाड़ा ।** खजरी रोड जागीरदार कॉम्प्लेक्स स्थित एलिट हॉस्पिटल ने आज अपना सफलतम 1 वर्ष पूर्ण किया जिसमें एलिट हॉस्पिटल की टीम द्वारा सर्वप्रथम मरीज से केक कटवाकर वर्षगांठ मनाई गई वही सभी मरीजों को निशुल्क फल वितरण व स्वल्पाहार कराया गया। एलिट हॉस्पिटल के यूरोलॉजिस्ट डॉ. पुष्पेंद्र सिंह बघेल ने बताया कि 1 साल पहले हमारी टीम द्वारा छिंदवाड़ा में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर सस्ता सुलभ इलाज के लिए हमने हॉस्पिटल बनाया था जिसे छिंदवाड़ा के लोगों ने बहुत सराहा और आज सफलतम 1 वर्ष पूर्ण कर लिए गए। हमारे द्वारा हॉस्पिटल में ऐसी सेवाएं दी जा रही है जो महानगरों में ही मिलती थी, जिससे मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था । हॉस्पिटल में आसपास के जिलों सहित छिंदवाड़ा जिले की एकमात्र सर्वप्रथम लेजर मशीन जिससे यूरोलॉजी की समस्या का समाधान हो रहा है वही अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. शैलेंद्र सैयाम, महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीति बघेल, जनरल सर्जरी यूरोलॉजी डॉ. पुष्पेंद्र सिंह बघेल, क्रिटिकल केयर डॉ. प्रेरणा सैयाम, मुंह के टूटे-फूटे जबड़े का इलाज दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. शशांक साहू,डॉ. प्रियंका साहू के साथ हमारी टीम द्वारा 24 घंटे सेवाएं दे रहे है। श्री बघेल ने छिंदवाड़ा की जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपका ऐसा प्यार आगे हमें मिलता रहे और हम आसपास सहित छिंदवाड़ा के मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाकर सस्ता सुलभ इलाज कराएंगे जिससे उन्हें नागपुर न जाना पड़े। बीते 1 साल में गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीज हॉस्पिटल में उपचार से संतुष्ट है ।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं का पंजीयन 6 से 28 फरवरी तक

**छिन्दवाड़ा।** राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में जिले में रबी विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिये आगामी 6 से 28 फरवरी तक की अवधि में किसानों का पंजीयन किया जायेगा । जिले के किसान स्वयं के मोबाईल से घर बैठे अथवा 2 तरीकों से निःशुल्क व सशुल्क पंजीयन कर सकेंगे। जिले के किसानों से अपील की गई है कि गेहूं उपार्जन से संबंधित सभी कृषक निर्धारित समयावधि में अपना पंजीयन शीघ्र करायें ।जिला आपूर्ति अधिकारी सुश्री अंजू मरावी ने बताया कि जिले के किसान स्वयं के मोबाईल अथवा कम्प्यूटर से पंजीयन के लिये निर्धारित लिंक पर जाकर अथवा ग्राम पंचायत कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय व तहसील कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र अथवा पूर्व वर्षो की भांति सहकारी समिति या विपणन संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर जाकर निःशुल्क पंजीयन करा सकते हैं ।

## महिलाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखें: प्रो पूनम उसरेठे



**छिंदवाड़ा ।** राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा में प्राचार्य डॉ. अजय एजाज के निर्देशन में व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. पूनम उसरेठे सहायक प्राध्यापक राजनीति शास्त्र ने 'महिलाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखने हेतु अभियान विषय पर छात्राओं को प्रेरित किया तथा द्वितीय वक्ता श्री सुनील कुमार बरखाने शिक्षक समाज शास्त्र विभाग ने महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों की पृष्ठभूमिं मानसिक कुलियों को रोकना विषय पर छात्राओं को उत्साहित करने वाला व्याख्यान दिया। इस उस पर छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये तथा फीडबैक फार्म भरा। महाविद्यालय स्टॉफ व छात्राऐं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सिंधु लागोरिया ने किया।

## स्वच्छता सर्वेक्षण- कमियों को दुरुस्त करने एवं मैदानी कार्यों का निरीक्षण

**छिंदवाड़ा ।** नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह के निर्देश पर सभी विभागीय अधिकारी मैदान पर स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 अंतर्गत कमियों को दुरुस्त करने एवं मैदानी कार्यों का निरीक्षण करने प्रतिदिन शहर का भ्रमण कर रहे हैं। कार्यपालन यंत्री एवं उपायुक्त ईश्वर सिंह चंदेली ने मंगलवार को शहर के विभिन्न भागों का भ्रमण किया जिसमें उन्होंने वार्ड नंबर 6 स्थित नाले का निरीक्षण किया एवं उस पर अतिक्रमण हटाने हेतु उपयंत्री भानु सूर्यवंशी को निर्देशित किया इसके साथ ही अवैध रूप से बने हुए एक घर को नोटिस जारी करने का निर्देश भी दिया गया। क्षेत्रवासियों द्वारा लंबे समय से बड़ा तालाब के सफाई की मांग की जा रही थी जिस पर उपायुक्त ने निगम आयुक्त के आदेश पर बड़े तालाब की तकनीकी रूप से सफाई करने के निर्देश स्वास्थ्य शाखा एवं लोक निर्माण शाखा को प्रदान किए। भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने यातायात चौराहे के पास किए गए अतिक्रमण को तोड़ने का आदेश दिया जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उपयंत्री भानु सूर्यवंशी ने अतिक्रमण को दोपहर तक हटा दिया। वार्ड क्रमांक 21 के भ्रमण के दौरान नाली सफाई की समस्या की शिकायत प्राप्त होने पर कार्यपालन यंत्री ने नाली को दुरुस्त करने के निर्देश उपयंत्री को दिए एवं सफाई का स्तर अच्छा होने पर दरोगा की प्रशंसा की।



वार्ड क्रमांक 13 में स्थित नाले की सफाई करवाते हुए उपायुक्त ने जेसीबी मशीन को नाले के भीतर उतरवा दिया एवं उनके द्वारा तकनीकी रूप से नाले की सफाई करवाई गई। जनता कॉलोनी के पास स्थित एक भवन की जांच करते हुए उपायुक्त ने अनुज्ञा की जांच करने हेतु उपयंत्री को निर्देशित किया इसके उपरांत गुरैया रोड स्थित सड़क की चौड़ाई का माफ कर अवैध रूप से निर्मित ढांचों को तोड़ने हेतु चिन्हांकित किया।

## रंगीनखापा के आदिवासियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**छिंदवाड़ा ।** ग्राम पंचायत रंगीनखापा से पंच, उपसरपंच एवं सरपंच सहित सैकड़ों की संख्या में आदिवासी ग्राम पंचायत में हुए फर्जीवाड़ा को लेकर आदिवासी ग्रामीणों ने कलेक्टेड पहुंच कर ज्ञापन सौपा। सचिव केवल यदुवंशी ने आदिवासी महिला पंच अपशब्द का उपयोग किया इसलिए महिलाओं गुस्सा है और वे आज बड़ी संख्या में पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर पंचायत में हुए लाखों के फर्जी राशि निकाल लिए है जांच की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि सचिव केवल यदुवंशी का रंगीनखापा पंचायत से दो बार स्थानांतरण हो चुका था लेकिन सचिव ने सेटिंग फिर पंचायत में अपना स्थानांतरण करवा लिया। सचिव केवल यदुवंशी पर तत्काल कार्रवाही की मांग की है। यदि कार्रवाही नहीं हुई तो मुख्यमंत्री तक इसकी शिकायत करेंगे।

## कलेक्टर ने 270 आवेदकों की समस्याएं सुनी

**छिन्दवाड़ा ।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गनिर्देशन में अतिरिक्त कलेक्टर ओमप्रकाश सनोडिया ने जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 270 आवेदकों की समस्यायें सुनी । इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये जिनकी उन्होंने पूरी संवेदनशीलता के साथ अपने समक्ष में बैठाकर सुनवाई की । आज जनसुनवाई में मुख्य रूप से सीमाकंन व बंटवारा करने, अनुकंपा नियुक्ति दिलाने, भरण पोषण दिलाने, पुलिया व सड़क निर्माण करने, भूमि का कब्जा दिलाने, आवासीय व वनाधिकार पट्टा प्रदाय करने, आर्थिक सहायता व अनुग्रह राशि दिलाने, पेंशन दिलाने, प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान आवंटित करने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी। अतिरिक्त कलेक्टर श्री सनोडिया ने विभिन्न आवेदनों में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुडे संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिये भी चिन्हांकित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्राम रावनवाड़ा के श्री केशराम डेहरिया ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना का लाभ दिलाने, जुन्नारदेव नगर की सुश्री विद्योत्मा बरैया ने आधार कार्ड अपडेट करने, चांदामेटा नगर के श्री विनय साहू ने कृषि भूमि का सीमांकन करने, ग्राम पंचायत खारी के सरपंच ने नवीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण की स्वीकृति देने व ट्रांसफार्मर लगवाने, ग्राम मरजातपुर के ग्रामवासियों ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल योजना का विधिवत संचालन कराने, ग्राम गांगीवाड़ा की श्रीमती संतोषी मर्रापे ने पति से भरण-पोषण की राशि दिलाने, ग्राम कुसमैली के ग्रामवासियों ने मोक्षधाम से अतिक्रमण हटाने, ग्राम बोमल्या के ग्रामवासियों ने पेयजल के लिये हैंडपम्प खनन कराने व नाला में पुलिया निर्माण कार्य की स्वीकृति दिलाने, ग्राम सांख के यशवंत माहोरे ने गन्ना फसल, पाईपलाईन व अन्य कृषि सामग्री जलने पर क्षतिपूर्ति दिलाने, ग्राम लोहारा की श्रीमती सामना बी ने कृषि भूमि का कब्जा दिलाने, ग्राम खखरा चौरई की श्रीमती ममता बाई चंद्रवंशी ने मक्का के खलिहान में आग लगने से हुई क्षति का मुआवजा दिलाने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये।



## पूर्ण आहुति के साथ तीन दिवसीय शनि देव की प्राण प्रतिष्ठा

**सिंगोड़ी ।** अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत सिंगोड़ी के नई आबादी सिद्ध हनुमान मंदिर प्रांगण में शनिदेव महाराज एवं शनि शिला की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आज पूर्ण विधि विधान के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर दिनांक 29 जनवरी से 31जनवरी तक पंचांग पूजन, मंडल पूजन जलाधिवास आरती एवं शयन कार्यक्रम मंडल पूजन फलादिवास अन्नाधिवास फूलाधिवास और हवन पूजन पूर्णाहुति और विशाल भंडारा के साथ न्याय के देवता भगवान शनिदेव की स्थापना कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ नगरवासियो ने किया प्रख्यात वेद पंडितो के द्वारा संपूर्ण विधि विधान के साथ शनि देव के मंत्र उच्चार और पूजन पाठ के साथ तीन दिवसीय कार्यक्रम संपन्न कराए गए। इस अवसर पर अमरवाड़ा विधायक राजा कुंवर कमलेश प्रताप शाह के साथ जिला पंचायत सदस्य चंपालाल कुरचे सरपंच कपिल ठाकुर भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए और भंडारा प्रसाद ग्रहण कर शनि देव भगवान से आशीर्वाद प्राप्त किया तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आज संपन्न हुआ जिसमे हजारों की संख्या में धर्म प्रेमी बंधुओ ने अपनी उपस्थिति दी । महाआरती के साथ तीन दिवसीय शनि देव प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हुआ।



## विकासखंड स्तरीय रोजगार मेला 8 फरवरी को

**छिन्दवाड़ा31जनवरी( जनपक्ष )।** कलेक्टर श्रीमती पटले के मार्गदर्शन में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से म.प्र.डे ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से जिले के 8 विकासखंडों में एक से 8 फरवरी तक प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में विकासखंड स्तरीय रोजगार मेलों का आयोजन किया गया है । संबंधित क्षेत्र के आवेदक इन रोजगार मेलों का लाभ ले सकते हैं ।

# जीएसटी के दायरे में 90 प्रतिशत प्रोडक्ट

ऐसे कम ही प्रोडक्ट है जो बजट में सस्ते या महंगे होने जा रहे हैं। इसका कारण है गुड्स एंड सर्विस टैक्स यानी जीएसटी। 2017 के बाद लगभग 90 प्रतिशत प्रोडक्ट की कीमत जीएसटी पर निर्भर करती है, जिसे जीएसटी काउंसिल तय करती है। वर्तमान में जीएसटी के टैक्स स्लैब में चार दरें - 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशतहैं। आवश्यक वस्तुओं को इस टैक्स से छूट है या सबसे निचले स्लैब में रखा है। जीएसटी से जुड़े सभी फैसले जीएसटी काउंसिल लेती है।

## कितनी सैलरी पर कितना टैक्स लगेगा?

नई व्यवस्था के तहत 6 लाख रुपये से अधिक और 9 लाख रुपये तक की आय पर 10त्न कर लगाया जाएगा। नई व्यवस्था के तहत 12 लाख रुपये से अधिक और 15 लाख रुपये तक की आय पर 20त्न कर लगाया जाएगा। 15 लाख रुपये से अधिक की आय पर 30त्न कर लगेगा। ये टैक्स नए टैक्स रिजिम के तहत देय होगा। 0 से तीन लाख तक की आमदनी वाले को 0 फीसदी, 3 से 6 लाख तक की आमदनी वाले को 5 फीसदी, 6 से 9 लाख रुपये की सालाना आमदनी वाले को 10 फीसदी, 9 से 12 लाख तक की आमदनी वाले को 15 फीसदी वहीं, 12 से 15 लाख लाख रुपये की सालाना आमदनी वाले को 20 फीसदी जबकि 15 लाख से अधिक आमदनी वाले को वित्त मंत्री की घोषणा के अनुसार 30 फीसदी टैक्स का भुगतान करना पड़ेगा। आइए जानते हैं अलग-अलग मासिक आय वर्ग के तहत करदाता कोई छूट क्लेम नहीं करता है तो नए टैक्स रिजिम के तहत उसे निम्नलिखित टैक्स भरना पड़ेगा। नई टैक्स रिजिम के तहत 58 हजार रुपये तक की मासिक आमदनी पर टेक्सपेयर को किसी टैक्स का भुगतान नहीं करना पड़ेगा।

## स्वास्थ्य क्षेत्र में क्या रहा खास

बजट 2023-24 में हेल्थ सेक्टर को लेकर वित्तमंत्री ने इन विषयों पर जोर दिया। कोविड-19 से मुकाबले के लिए 220 करोड़ कोविड टीके दिए गए। 2014 से स्थापित मौजूदा 157 मेडिकल कॉलेजों के साथ कोलोकेशन में 157 नए नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। साल 2047 तक सिकल सेल एनीमिया को खत्म करने के लिए मिशन स्थापित किया जाएगा। प्रभावित आदिवासी क्षेत्रों में 40 साल तक के 7 करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग की जाएगी।

वित्तमंत्री सीतारमण ने कहा कि सरकार इस बीमारी (एनीमिया) को खत्म करने को लेकर काफी अलर्ट मोड में है।

फार्मास्यूटिकल्स में अनुसंधान के लिए नए कार्यक्रम तैयार किए जाएंगे।अनुसंधान में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

सार्वजनिक और निजी चिकित्सा संस्थानों द्वारा अनुसंधान के लिए आईसीएमआर की चुनिंदा प्रयोगशालाओं में सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।




## स्वास्थ्य क्षेत्र पर खर्च

केंद्रीय बजट 2022-23 में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को 86,200 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया था। वित्त वर्ष 2020-21 में 73,932 करोड़ रुपये की तुलना में यह लगभग 16.5 प्रतिशत की वृद्धि थी।

## मासिक आय के आधार पर टैक्स की दर

| मासिक आय | टैक्स प्रतिशत |
|---|---|
| 0-25 हजार तक | 0 फीसदी |
| 25-50 हजार तक | 0 फीसदी |
| 58-75 हजार तक | 5 फीसदी |
| 75 हजार से 1 लाख | 10 फीसदी |
| 1 लाख से सवा लाख | 20 फीसदी |
| सवा लाख से अधिक | 30 फीसदी |

सालाना आय के हिसाब से नई टैक्स दरें

| आय | टैक्स प्रतिशत |
|---|---|
| 0 से तीन लाख | 0 फीसदी |
| 3 से 6 लाख | 5 फीसदी |
| 6 से 9 लाख | 10 फीसदी |
| 9 से 12 लाख | 15 फीसदी |
| 12 से 15 लाख | 20 फीसदी |
| 15 लाख से ज्यादा | 30 फीसदी |

## पहले ढाई लाख तक की आमदनी थी टैक्स फ्री

पुराने स्ट्रक्चर में 2.5 लाख रुपये तक की आय टैक्सफ्री थी। इसके बाद 2.5 लाख से पांच लाख के इनकम पर 5 फीसदी का टैक्स लगता था, लेकिन सरकार की ओर से 12,500 रुपये का रिबेट मिलने से यह भी शून्य हो जाता था। इसका मतलब ये हुआ है कि पुराने टैक्स स्ट्रक्चर में पांच लाख रुपये की आमदनी पर आपको टैक्स नहीं देना पड़ता था।

## बजट के दौरान झूमा बाजार, जानें मोदीराज में शेयर मार्केट का ट्रेंड

केंद्रीय बजट 2023 के दिन घरेलू शेयर बाजार की पॉजिटिव शुरुआत हुई। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों बढ़त के साथ खुले। वित्तमंत्री सीतारमण द्वारा बजट के दौरान भी शेयर बाजार में मजबूती जारी है। सेंसेक्स 989 अंको की बढ़त के साथ 60,607.64 पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी 259 अंकों की बढ़त के साथ 17,921.40 पर कारोबार कर रहा है।



इससे पहले हिंडनबर्ग की रिपोर्ट ने शेयर बाजार में भूचाल मचाकर रख दिया था। दिग्गज कारोबारी व एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति गौतम अदाणी के शेयरों में भारी गिरावट हुई और तीन दिन में उनकी संपत्ति को 34 अरब डॉलर से ज्यादा का नुकसान हुआ।

आलम यह हुआ कि दुनिया के शीर्ष-10 अमीरों की सूची में चौथे नंबर पर शुमार अदाणी 11वें स्थान पर खिसक गए। हालांकि, बजट से ठीक पहले शेयर बाजार में इस तरह की उठापटक कोई नई नहीं है। बीते पांच सालों का ट्रेंड देखें तो बजट से ठीक एक महीने पहले चार बार शेयर बाजार को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। सिर्फ 2018 में निफ्टी-50 में करीब चार प्रतिशत से ज्यादा का उछाल दर्ज किया गया था। वहीं, अन्य चार सालों में शेयर इंडेक्स में 0.2 से 2.5 प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

### पिछले साल बजट वाले दिन कैसी रही थी शेयर बाजार की चाल?

एक फरवरी, 2022 को मोदी सरकार ने अपना पिछला बजट पेश किया था। बजट के दिन सूचकांक में 1.4त्न का उछाल देखा गया। दिन के कारोबार में निफ्टी 367 अंक चढ़कर 17,622 पर पहुंच गया। हालांकि, बाद में यह 30 अंक गिरकर 17,577 पर बंद हुआ। वहीं, सेंसेक्स में 1.5 प्रतिशत का उछाल देखा गया। यह 848.40 अंक चढ़कर 58,862.57 पर बंद हुआ।



## रेलवे को अब तक का सबसे बड़ा आवंटन

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि बजट में रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत परिव्यय का प्रावधान किया गया है। यह अब तक का सबसे बड़ा आवंटन है। यह 2013-14 में दिए गए आवंटन से नौ गुना ज्यादा है। खाद्यान्न और बंदरगाहों को जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया गया है। 50 अतिरिक्त एयरपोर्ट, हेलिपैड, वाटर एयरोड्रोम का नवीनीकरण किया जाएगा ताकि क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा दिया जा सकता है।

## छोटे और मझोले उद्योगों को राहत

कोरोना से प्रभावित हुए छोटे और मझोले उद्योगों को राहत दी जाएगी। विवादों के निपटारे के लिए स्वैच्छिक समाधान योजना लाई जाएगी। लंबी प्रोसेस के बिना ही विवाद सुलझ सकेंगे। व्यवसायों के लिए पैन नंबर का इस्तेमाल सभी डिजिटल सिस्टम्स के लिए पर्याप्त होगा। एमएसएमई को 9 हजार करोड़ रुपए की क्रेडिट गारंटी दी जाएगी। इससे उन्हें दो लाख करोड़ रुपए का एक्स्ट्रा कोलेटरल फ्री क्रेडिट मिल सकेगा।

## जन-धन योजना खाते के लिए वीडियो केवाईसी का ऐलान

जन-धन योजना के तहत बैंक खात खुलवाने के लिए जरूरी केवाईसी की प्रक्रिया को वीडियो कॉल के जरिए पूरी की जाएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि अब वीडियो केवाईसी को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने पैन को भी चुनिंदा सरकारी एजेंसियों के सभी डिजिटल सिस्टम के लिए उपयुक्त करार दिया। सीतारमण ने कहा कि कारोबारी संस्थानों का काम पैन के जरिए आसान किया जाएगा।






## कौशल विकास योजना, एकलव्य स्कूल पर बड़े ऐलान

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 की शुरूआत की जाएगी। युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय अवसरों के लिए कौशल प्रदान करने के लिए 30 स्किल इंडिया नेशनल सेक्टर खोले जाएंगे। 740 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के लिए अगले 3 वर्षों में 38,000 शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी। वहीं, घरेलू और अतंरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए देश में 50 पर्यटन स्थल विकसित किए जाएंगे।

## भूमि अभिलेखों का डिजिटलीकरण

2022-23 का बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया था कि सरकार ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने का काम करेगी। कहा गया था कि सरकार के इस फैसले से जैविक खेती करने वाले किसानों को काफी लाभ मिलेगा। बजट 2022 में इस बात का एलान किया गया था कि किसानों के खेतों की जमीन का डिजिटलीकरण भी होगा।

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत भूमि संसाधन विभाग (डीओएलआर) द्वारा 2022 में जारी एक आंकड़े के अनुसार देश के 94 फीसदी से अधिक गांवों में भूमि अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण पूरा हो चुका है। अपने सालाना विवरण में विभाग ने बताया था कि 27 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में पंजीकरण का कम्प्यूटरीकरण का कार्य 93 फीसदी से अधिक पूरा हो गया है। इसके अलावा 20 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में भूमि अभिलेखों के साथ उप-पंजीयक कार्यालयों (एसआरओ) के एकीकरण का कार्य 75 फीसदी से अधिक पूरा कर लिया गया है। 21 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 70 फीसदी से अधिक भू-कर संबंधी मानचित्रों का डिजिटलीकरण किया गया है। इसके अलावा सरकार ने राज्य सरकार के साथ मिलकर उन किसानों की मदद करने का एलान किया था, जो फलों और सब्जियों की उन्नत किस्म की खेती करते हैं। इसके अलावा किसानों को डिजिटल सर्विस के अंतर्गत खाद, बीज, दवाई, दस्तावेज आदि से संबंधित सेवाएं मुहैया कराए जाने की घोषणा की थी।

## न्यूनतम समर्थन मूल्य

बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बड़ा एलान किया था कि न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी का पैसा सीधे किसानों के खाते में ट्रांसफर किया जाएगा। इससे पहले एमएसपी का पैसा किसानों तक मंडियों और आढ़तियों के जरिए पहुंचता था। सरकार का दावा था कि इस फैसले से भ्रष्टाचार रोकने में मदद मिलेगी। इसका सीधा फायदा किसानों को मिलेगा। पिछले साल मध्य नवंबर तक के आंकड़ों के अनुसार खरीफ विपणन सत्र 2022-23 (खरीफ फसल) के लिए 231 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई। इसकी तुलना में पिछले वर्ष की इसी अवधि में लगभग 228 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी गई थी। सरकार की मानें तो खरीद से लगभग 47,644 करोड़ रुपये के न्यूनतम समर्थन मूल्य के भुगतान के साथ 13.50 लाख से अधिक किसान लाभान्वित हुए हैं। वहीं, एमएसपी में वृद्धि की बात करें तो अक्टूबर 2022 में कैबिनेट ने विपणन सीजन 2023-24 के लिए सभी रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य को स्वीकृति दी थी। इसमें रबी फसलों के विपणन सीजन 2023-24 के लिए एमएसपी में वृद्धि की गई थी।




# ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान का शुभारंभ

भोपाल। भोपाल में आज मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान का शुभारंभ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डा. प्रभुराम चौधरी ने किया। फाइलेरिया बीमारी के जम्मूलन हेतु जिली कटनी, उमरिया, पन्ना, रीवा, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी एवं दतिया में एडमिनिस्ट्रेशन अर्थात् सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस दौरान समस्त विभागीय अधिकारी तथा संबंधित जिलों एवं विकासखण्ड स्तर के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस अभियान के अंतर्गत उक्त जिलों में लगभग 90 लाख 20 हजार से अधिक लक्षित जनसंख्यको समक्ष में दवा सेवन कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है इस कार्य में 39 हजार 600 से अधिक प्रशिक्षित दवा सेवक एवं सुपरवाईजर के माध्यम से बूथ में एवं घर-घर डी.ई.सी. एल्डाजोल, आइयरमेक्टिन दवा का सेवन कराया जायेगा। यह दवा दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं अति गंभीर रोगियों को नहीं दी जावेगी। आइपरमेक्टिन की गोली पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को नहीं दी जावेगी। गाँस ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन गतिविधि के प्रथम दो दिवस (10 एवं 11 फरवरी 2023) को दूध दिवस, आगामी 05 दिवस (13 से 17 फरवरी 2023) तक घर-घर भ्रमण एवं अतिरिक्त 03 दिवस (20 से 22 फरवरी 2023) में छूटे जनसमुदाय को समझ में दवा सेवन कराया जावेगा।

फाइलेरिया रोधी दवा ना खाने से शारीरिक विकृति (फाइलेरिया रोग) हो सकता है अतः अभियान के दौरान समस्त पात्र हितग्राहियों को दवा सेवन करना चाहिए। यह दवा पूर्णतः सुरक्षित है।

फाइलेरिया बीमारी एक कृमि युथरेरिया बेनक्रोफटाई नामक परजीवी के संक्रमण से होती है, जिसे सामान्यतः हांथीपांव रोग के नाम से भी जाना जाता है। फाइलेरिया परजीवी का संक्रमण संक्रमित क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है फाइलेरिया के सामान्य लक्षण की प्रारंभिक अवस्था में बुखार, बदन में खुजली और पुरुषों के जननांग (हाइड्रेसिल) और रोग उसके आस-पास दर्द व सूजन की समस्या होती है। किसी भी व्यक्ति को संक्रमण के बाद ज़ बीमारी होने में 6 से 8 साल तक लग सकते है।

फाइलेरिया बीमारी फैलाने वाले क्यूलेक्स मच्छर गंदे पानी में पैदा होते है अतः इसके रोकथाम के लिए घर के आसपास साफ सफाई रखें, जलजमाव ना होने दें, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, पूरी बांह के कपड़े पहने, मच्छररोधी क्रीम का इस्तेमाल करे, नींम का दुआ के उपयोग से इन मच्छरों को रोका जा सकता है। इसके साथ ही दबा सेवकों द्वारा दी जाने वाली फायलेरिया निरोधक दवाओं का सेवन भी समक्ष में अनिवार्यतः करें तथा अपने एवं अपने परिवार को फायलेरिया रोग से मुक्त बनायें।